डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

28 जनवरी 2025

मंगलवार




300 किसानों को मिला नोटिस... लौटाने होंगे सम्मान निधि के पैसे 2



# दर्दनाक... कुंभ स्नान कर दिल्ली लौट रहे एक ही परिवार के चार सदस्यों की सड़क हादसे में मौत

- लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार की सुबह हुआ हादसा
- बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के चिरैया थाना क्षेत्र पीरारी गांव के रहने वाले थे मृतक

**केटी न्यूज/प्रयागराज**



लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतक सभी बिहार में पूर्वी चंपारण जिले में चिरैया थाना क्षेत्र पीरारी गांव के रहने वाले हैं। जो फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे।

हादसा उस समय हुआ जब सभी प्रयागराज में कुंभ स्नान कर दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और दूसरी लेन में जा घुसी,तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान कार में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतको में चिरैया के पीरारी गांव निवासी वीर शमशेर सिंह के तीन बेटों में सबसे छोटे पुत्र ओमप्रकाश आर्या (38)उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह (34), बेटी अहाना (12), और बेटे विनायक (4)शामिल है।

जानकारी के अनुसार पेशे से वकील ओमप्रकाश आर्या दिल्ली के उत्तम नगर में अपनी पत्नी और बच्चो के साथ रह रहे थे। रविवार को प्रयागराज कुंभ स्नान के बाद दिल्ली लौट रहे थे। इसी बीच सुबह करीब 9 बजे उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 31 किलोमीटर आगे निकली ही थी, कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और उछलकर दूसरी लेन में चली गई। दूसरी लेन में सामने से आ रहे ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तेज धमाका हुआ।

सूचना पर मौके पर पहुंची फतेहाबाद थाना पुलिस ने कार में फंसे चारों शवों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए आगरा के एसएन अस्पताल भेज दिया है। इधर घटना की सूचना के बाद उनके पैतृक गांव पीरारी में कोहराम मचा हुआ है। पिता समेत उनके परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

## शिमला से प्रयागराज जा रही बस क्रेन से टकराई, 32 घायल

**कौशाम्बी।** यूपी के कौशाम्बी जिले में सोमवार की शाम एक बड़ा हादसा हो गया। जहां हिमाचल से प्रयागराज महाकुम्भ जा रही श्रद्धालुओ की बस क्रेन से टकरा गई। हादसे में 30 से 32 श्रद्धालु घायल हुए है। जिनमें से 22 घायलों को सिराथू सीएचसी में भर्ती कराया गया है वही 8 घायलों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। हादसे के बाद एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और घायलों के बेहतर इलाज के लिए संबंधित को निर्देशित किया है। घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र के भौतर मोड़ के पास नेशनल हाइवे की है जहां हिमाचल प्रदेश के सलोन जिला के अर्की गाँव से महाकुम्भ जा रही श्रद्धालुओ की एक बस हाइड्रा क्रेन से टकरा गई। हादसे में लगभग 32 लोग घायल हो गए। हादसा के समय बस में सवार श्रद्धालु आरती कर भजन कीर्तन में लीन थे, तभी तेज आवाज के साथ बस हाइड्रा क्रेन से टकरा गई। भीषण सड़क हादसे की सूचना लोगों ने सैनी पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 6 एम्बुलेंस द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में भर्ती कराया।

### दिल्ली के करियप्पा ग्राउंड पर एनसीसी की रैली में शामिल हुए प्रधानमंत्री

# शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी की वजह से छात्रों की पढ़ाई होती है प्रभावित: मोदी

- पीएम मोदी बोले... आजादी के बाद काफी समय तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे, इसका देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के करियप्पा ग्राउंड पर एनसीसी की रैली में शामिल हुए। जहां पीएम ने एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद काफी समय तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे, लेकिन फिर ये पैटर्न टूट गया। इसका देश को बहुत नुकसान उठाना पड़ा। हर चुनाव में वोटिंग लिस्ट अपडेट होती है। बहुत सारे काम होते हैं और इसमें अक्सर हमारे टीचर्स की ड्यूटी लगती है।

पीएम ने आगे कहा कि टीचरों की चुनाव में ड्यूटी की वजह से छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। बार-बार होने वाले चुनावों की वजह से गवर्नेंस में भी मुश्किलें आती हैं। इसलिए देश में एक बहुत महत्वपूर्ण डिबेट चल रही है और सब लोग इस विषय में अपने-अपने विचार रख रहे हैं। ये डिबेट वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर हो रही है। भारत के युवाओं से मैं आग्रह करता हूं कि आप जहां भी हों, इस डिबेट को आगे बढ़ाएं और बड़ी मात्रा में इस डिबेट में हिस्सा लें क्योंकि ये आपके भविष्य से जुड़ा विषय है।



### देश के युवा सिर्फ भारत के लिए नहीं बल्कि फोर्स फॉर ग्लोबल गुड हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति हो या देश हो उसका सामर्थ्य तब बढ़ता है जब वह अनावश्यक बाधाओं से पार पा लेता है। मुझे संतोष है कि भारत में युवाओं के सामने रहीं अनेक बाधाओं को बीते 10 सालों में हमने हटाने का काम किया है। इससे युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा है, देश का सामर्थ्य बढ़ा है। आप 21वीं सदी में भारत के विकास को, दुनिया के विकास को निर्धारित करने वाले हैं। भारत के युवा सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि फोर्स फॉर ग्लोबल गुड हैं। आज दुनिया इस बात को मान रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस अमृतकाल में हमें अपना एक ही लक्ष्य रखना है वो है भारत को विकसित राष्ट्र बनाना। हमारे हर निर्णय की कसौटी, हर हर कार्य की कसौटी विकसित भारत ही होनी चाहिए। इसके लिए हमें अपने पंच प्राणों को हमेशा याद रखना है।

### पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति से फोन पर की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पीएम मोदी और ट्रंप के बीच पहली बार बातचीत हुई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट भी किया है, जिसमें उन्होंने लिखा-अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात कर-के बहुत खुशी हुई। उन्हें उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे। बातचीत के दौरान दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्वॉड, तमाम वैश्विक मुद्दों समेत कई अन्य मसलों पर चर्चा की है। वहीं पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को दोबारा और अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर भी बधाई दी थी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था-प्रिय मित्र डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ऐतिहासिक शपथ ग्रहण पर बधाई।

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी सोमवार से लागू हो गया। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑफिशल पोर्टल लॉन्च करते हुए इसका ऐलान किया। इस मौके पर सीएम ने कहा, कि आज का दिन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है। ड्राफ्ट बनाने में टीम ने कड़ी मेहनत की है। हमने जनता से किया वादा पूरा किया है। यूसीसी किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, बल्कि इससे अब राज्य में सभी धर्मों की महिलाओं को एक समान अधिकार मिलेगा। यूसीसी से महिलाएं सशक्त होंगी। हलाला प्रथा, बहुविवाह, बाल विवाह पर रोक लगेगी।

सीएम धामी ने कहा कि इस कानून से समाज में एकरूपता आएगी और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और दायित्व तय होंगे। समान नागरिक संहिता के अंतर्गत जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने की कोशिशि की गई है। भाजपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड में यूसीसी को लागू करने को प्रमुख चुनावी वादे में रखा था।

## बाढ़ के फैमिली रेस्टोरेंट में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

### रौशनी फैमिली रेस्टोरेंट में चल रहा था गंदा खेल

- पुलिस ने तीन लड़कों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा, वहां 4 लड़कियां भी मिलीं
- रेस्टोरेंट के कमरे से मिले कई आपत्तिजनक सामान

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार की राजधानी पटना से सटे इलाके बाढ़ में सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। हैरानी की बात यह भी है कि यहां फैमिली रेस्टोरेंट के नाम पर गंदा धंधा चल रहा था। पुलिस की रेड के बाद इस खुलासे से आसपास के लोग भी हैरान हैं। दरअसल, बाढ़ अनुमंडल के एक फैमिली रेस्टोरेंट में पुलिस ने जब छापा मारा तो वहां इस देह व्यापार का खुलासा हुआ है।

बताया जा रहा है कि यहां एसबीआर चौक पर मौजूद रौशनी फैमिली रेस्टोरेंट में पुलिस की टीम छापा मारने पहुंची थी। रेस्टोरेंट में अचानक पुलिस की रेड से हड़कंप मच गया। पुलिस ने वहां से तीन लड़कों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। इसके अलावा वहां 4 लड़कियां भी मिलीं। वहीं,रेड के दौरान पुलिस ने रेस्टोरेंट के कमरे से आपत्तिजनक सामान भी बरामद किए हैं। इसके बाद पुलिस ने इस रेस्टोरेंट की मालकिन को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस इन सभी को लेकर थाने पहुंची और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई। इधर पुलिस को इस संबंध में किसी ने गुप्त सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस ने यहां छापेमारी के लिए अपने दल-बल के साथ पहुंची थी और 4 लड़कियों का रेस्क्यू किया। इस रेस्टोरेंट में छापेमारी की खबर मिलने के बाद आसपास के लोग यहां जमा हो गए थे। पुलिस ने यहां जुटे लोगों को संभाला और फिर उन्हें हटाकर हिरासत में लिए गए लोगों को अपने साथ ले गई।

## पूर्व आईजी समेत आठ पुलिस अफसरों को उम्रकैद की सजा

**एजेंसी/शिमला**

वर्ष 2017 में हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कोटखाई में हुए बहुचर्चित गुड़िया दुष्कर्म व हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी सूरज की लॉकअप में हत्या के मामले में चंडीगढ़ की सीबीआई अदालत सोमवार को दोषी पुलिस कर्मियों की सजा पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने मामले में दोषी पूर्व आईजी आईपीएस जहूर हैदर जैदी समेत आठ पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इससे पहले सीबीआई कोर्ट ने सोमवार सुबह दोषियों से उनकी आखिरी अपील सुनी। हिमाचल के इतिहास में संभवतः यह पहली बार है जब किसी मामले की जांच कर रही एसआईटी को ही उम्रकैद ही सजा हुए हो। 18 जनवरी को सीबीआई कोर्ट ने गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर दोषी करार देने के बाद जैदी के अलावा तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, पुलिस सब इंस्पेक्टर राजिंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, मानक मुख्य आरक्षी मोहन लाल व सूरत सिंह, मुख्य आरक्षी रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रनीत सटेटा बुड़ैल जेल बंद हैं। कोर्ट ने सभी आरोपियों को आईपीसी एक्ट 120-बी में उम्रकैद व 20 हजार जुमार्ना, 302 में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना लगाया है।

## वक्फ कानून में संशोधन के सभी 14 प्रस्ताव जेपीसी ने किया स्वीकर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति ने सोमवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया और विपक्षी सदस्यों द्वारा पेश किए गए हर बदलाव को नकार दिया। जेपीसी ने घोषणा की कि मसौदा रिपोर्ट 28 जनवरी तक सकुर्लेट कर दी जाएगी और फिर 29 जनवरी को इसे औपचारिक रूप से अपना लिया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि समिति द्वारा अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि एनडीए सदस्यों द्वारा विधेयक के 14 क्लॉज में पेश किए गए संशोधनों को स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने भी कई संशोधन पेश किए थे। हालांकि, उनमें से सभी को खारिज कर दिया गया। बता दें कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 8 अगस्त 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया गया था। शुरूआत में इसे शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन विस्तृत जांच के लिए इसे जेपीसी को भेज दिया गया।

### सर्पदंश से जुड़े एक मामले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

# सर्पदंश की समस्या दूर करने के लिए कदम उठाए केंद्र

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सर्पदंश की समस्या पूरे देश में व्याप्त है। अदालत ने केंद्र सरकार से इसको लेकर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि वह सभी राज्यों को साथ लेकर चिकित्सा सुविधाओं में सर्पदंश का उपचार उपलब्ध कराने के लिए कुछ करें। जस्टिस बीआर गवई और जज एसवीएन भट्टी की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि सांप के काटने के इलाज में महत्वपूर्ण विष रोधी (एंटी-वेनम) की कमी के कारण देश एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। इस पर कोर्ट ने केंद्र के वकील से कहा कि, आप सभी राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कुछ करने का प्रयास कर सकते हैं। यह कोई विरोधात्मक मुकदमा नहीं है। सांप के काटने से भारत में हर साल लगभग 58,000 मौतें होती हैं।



पिछले साल 13 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा दायर याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा था। याचिका में पीड़ितों की जान बचाने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों, सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में विष रोधी और सर्पदंश उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। यह याचिका अधिवक्ता चांद कुरैशी के माध्यम से दायर की गई है।

याचिका में तर्क दिया गया कि विश्व में सर्पदंश से होने वाली मौतों की सबसे अधिक दर वाले देश भारत है। देश में हर साल लगभग 58,000 मौतें होती हैं। इसमें तर्क दिया गया कि, इतनी अधिक मृत्यु दर के बावजूद, एंटी वेनम (पॉलीवेनम) की कमी है। याचिका में कहा गया है कि देश के कई ग्रामीण क्षेत्रों में विष रोधी दवा का पर्याप्त स्टॉक नहीं है, जिसके कारण सर्पदंश पीड़ितों के उपचार में देरी होती है। याचिका पर सुनावई कर रही पीठ ने केंद्र के वकील से कहा कि आप राज्यों को भी इसमें शामिल कर सकते हैं। समस्या पूरे देश में है. यह कोई विरोधात्मक मुकदमा नहीं है। केन्द्र के वकील ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर उठाए गए कदमों की जानकारी रिकार्ड में रखेगी। वहीं, कुछ राज्यों के वकीलों ने कहा कि वे इस मामले में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे, जिसके बाद पीठ ने उन्हें 6 सप्ताह का समय दिया और मामले की सुनवाई उसके बाद के लिए स्थगित कर दी।




जिनके घरों में सरकारी नौकरी वाले सदस्य हैं उनको नहीं मिलेगा कृषि सम्मान निधि का लाभ

# 300 किसानों को मिला नोटिस... लौटाने होंगे सम्मान निधि के पैसे

- 24 फरवरी को बिहार आने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- भागलपुर में नौ सौ किसानों ने नहीं जमा कराया है ई केवाईसी



**केटी न्यूज/पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार आने वाले हैं। उनके इस दौरे के लिए कृषि विभाग भी बड़े स्तर पर तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में 300 किसानों को नोटिस भेजा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भागलपुर आगमन को लेकर कृषि विभाग की ओर से तैयारी शुरू हो गयी है। इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से चलायी जा रही कृषि योजनाओं को धरातल पर उतारने व सुधार को लेकर तेजी से कार्य किया जा रहा है। विभाग के कर्मचारियों ने पीएम किसान सम्मान निधि के लाभुकों की जांच में 300 फर्जी पाये गये। उनसे पैसे की वापसी के लिए रिकवरी नोटिस भेजा गया है।

**फर्जी किसानों के खिलाफ हो रहा एक्शनः** भागलपुर जिले में दो लाख 54 हजार किसानों में 900 किसानों का ई केवाईसी नहीं कराया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी अनिल यादव ने बताया कि किसान सलाहकार व संबंधित कृषि समन्वयकों से अपडेट लिया जा रहा है, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले किसी तरह की त्रुटि व योजना को धरातल पर उतारने में कमी नहीं रह जाये। फर्जी किसानों की जांच करके, उन्हें बाहर किया जा रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि के लिए नियम है कि एक ही घर से पति-पत्नी को इसका लाभ नहीं मिलेगा। जिनके घर में सरकारी नौकरी में हैं, उन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं दिया जा सकेगा। कुछ जरूरी नियमों के अनुसार ही वैसे किसानों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है, जो कि इन नियमों के बाहर जाकर सम्मान निधि का लाभ रहे हैं, तो उन्हें बाहर किया जा रहा है। 300 फर्जी किसानों को सम्मान निधि की रिकवरी के लिए नोटिस भेजा गया है। इसमें अधिकतर किसान पीरपैंती में मिले हैं, जो कि नियम के बाहर जाकर सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ पाने के लिये किसान का आधार एनपीसीआई से लिंक होना अनिवार्य है।

अभी तक जिन किसानों के आधार एनपीसीआई से लिंक नहीं है, उसमें लगभग 5000 किसान शामिल हैं। जिला कृषि पदाधिकारी अनिल यादव ने वैसे किसानों को शीघ्र एनपीसीआइ से लिंक करा लें। उन्होंने रजिस्टर्ड किसानों को आधार से भी अपना रजिस्ट्रेशन लिंक कराने की अपील की है। वहीं दूसरी ओर सूबे के अन्य जिलों में भी गलत तरीके पीएम किसान सम्मान प्राप्त करने वालों की तलाश की जा रही है। सभी किसानों से ई-केवाईसी जमा करने का निर्देश दिया गया है। ताकि पूरी स्थिति सरकार के समक्ष स्पष्ट हो सके।

## बाइक सवार 3 दोस्तों को बेलगाम स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, दो युवकों की मौके पर मौत

- रूपसपुर थाना क्षेत्र के कोथवां मोड़ पर हुई दुर्घटना
- घायल तीसरे युवक का चल रहा है एम्स में इलाज, हालत गंभीर

**दुर्घटना**





**केटी न्यूज/पटना**

पटना से बड़ी खबर आ रही है जहां भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी है जबकि तीसरा दोस्त बुरी तरह से घायल हो गया है। घटना रूपसपुर थाना क्षेत्र के कोथवां मोड़ की है जहां तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियों ने खगौल की तरह जा रहे बाइक सवार तीन दोस्तों को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक को टक्कर मारने के बाद उसे कई आगे तक घसीटता चला गया। घटना के बाद स्कॉर्पियों का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बाइक पर तीन युवक सवार थे जिसमें दो की मौत हो गयी जबकि तीसरा साथी बुरी तरह घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से एम्स में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मृतकों की पहचान 20 वर्षीय राजीव रंजन और 18 वर्षीय शशि निखिल उर्फ निशु के रूप में हुई है। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।मृतक शशि निखिल उर्फ निशु के परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर में निशु का दोस्त अभिमन्य घर पर उसे बुलाने के लिए आया था।

जिसके बाद वो उसके साथ चला गया लेकिन शाम में सूचना मिली कि खगौल रोड में उसका एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये वही अन्य युवकों के भी परिजन पहुंच गये। जिसके बाद तीनों को पटना एम्स ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान शशि और राजीव की मौत हो गयी जबकि तीसरा दोस्त बुरी तरह घायल हो गया है। जिसका इलाज एम्स में चल रहा है।

## आचार संहिता मामले में दानापुर कोर्ट में मीसा भारती की पेशी

**पटना।** 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान मनेर थाने में मीसा भारती के खिलाफ आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज किया गया था। फिलहाल मीसा भारती इस मामले में जमानत पर हैं। पाटलिपुत्र की राजद सांसद मीसा भारती सोमवार को दानापुर कोर्ट में पेश हुई और मामला खारिज करने के लिए आवेदन दिया। वही इस मामले पर कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से जवाब मांगा है। मोकामा में हुई गोलीबारी के सवाल पर मीसा भारती ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इस तरह की हिंसा एक ही परिवार में क्यों होती है। ये सारे एक ही गुट के लोग हैं। गोलीबारी किस बात को लेकर हुई इसकी जांच करनी चाहिए। इस घटना से इलाके के लोग काफी दहशत में हैं। मीसा भारती ने कहा कि गोलीबारी की घटना के बाद एक गुट के लोगों को पुलिस गिरफ्तार करती है। इसका कारण यह है कि सत्ता पक्ष के लोग विधायक पति अनंत सिंह के सपोर्ट में खड़े हैं।

## रिटायर होने के दो दिन पूर्व घूस लेते अंचल निरीक्षक गिरफ्तार

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में पटना से आई विजिलेंस की टीम ने 51 हजार रुपये घूस लेते एक राजस्व कर्मचारी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही जिले के आला अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सोमवार की सुबह विजिलेंस टीम ने 51 हजार रुपये के साथ राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी अंचल निरीक्षक भोगेन्द झा को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत पुपरी अंचल के राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी अंचल निरीक्षक भोगेन्द झा को 51000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। घटना के बाद अधिकारियों में हड़कंप का माहौल कायम हो गया है।

## सर्व समाज को साथ लेकर राष्ट्रवाद की राजनीति करती है बीजेपी : जायसवाल


**केटी न्यूज/पटना**

डॉ. जायसवाल सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) घटक दलों के सभी प्रदेश अध्यक्षों ने संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन के दूसरे चरण की शुरूआत सोमवार को आरा से हुई। सभी ने राजग कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए एक स्वर में एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में न केवल हम जीतेंगे बल्कि विरोधियों को सीट के लाले पड़ जाएंगे। आरा के रमना मैदान स्टेडियम में आयोजित विराट राजग कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन डॉ. जायसवाल, जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा(रालोमो) के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में आए राजग कार्यकताओं को संबोधित करते हुए डॉ. जायसवाल ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। हमारे यहां पद और पैसे की पूजा नहीं होती। पूजा होती है तो त्याग और तपस्या की। कार्यकर्ता व्यक्ति नहीं विचार के लिए काम करता है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्वगुरु बनाने की ओर कदम बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आज एनडीए पूरी ताकत से एकजुट है। उन्होंने एनडीए कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि राजग को मजबूत करने के लिए अपने बूथ पर पूरी ताकत के साथ जुट जाएं। बिहार रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष सुदेश्वर प्रसाद ने बताया है कि सोमवार को प्रदर्शन किया गया है। अगर सरकार नहीं सुनती है तो 27 जनवरी को राज्य के सभी जिला अधिकारी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, 28 जनवरी को जिला कार्यालय से रैली प्रदर्शन एवं थाली पीटते हुए जिला के मुख्य मार्ग होते हुए जिलाधिकारी के समक्ष थाली पीटते हुए सरकार की दोहरी नीति का विरोध किया जाएगा।

समान काम समान वेतन को लेकर बिहार रक्षा वाहिनी का धरना शुरू

# बिहार रक्षा वाहिनी ने दी चेतावनी... मांगें पूरी नहीं हुईं तो करेंगे राज्यव्यापी आंदोलन

**केटी न्यूज/पटना**



समान काम समान वेतन को लेकर बिहार रक्षा वाहिनी का तीन दिवसीय धरना हुआ। मांग पूरी नहीं होने पर राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। समान काम समान वेतन को लेकर बिहार रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने सोमवार से सूबे के सभी जिलों में अपना तीन दिवसीय धरना शुरू कर दिया है। धरने पर बैठे रक्षा वाहिनी के स्वयंसेवकों ने बताया कि राज्य के गृह रक्षकों के वर्षों से लंबित समस्याओं के संदर्भ में बिहार सरकार एवं संघ प्रतिनिधि के बीच वार्ता हुई थी। लेकिन आश्वासन देने के बावजूद भी अब तक कोई मांग पारित नहीं किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार पांडे ने बताया कि रक्षा वाहिनी दिन रात मेहनत करते हैं, परंतु उनके अनुसार उन्हें मासिक वेतन नहीं दिया जाता है। सुजीत कुमार पांडे ने बताया कि वे लोग भी समान पुलिसकर्मी के जैसी ड्यूटी करते हैं, परंतु दोनों के मासिक वेतन में जमीन आसमान का अंतर है। सरकार से हम लगातार मांग करते आ रहे हैं कि बिहार रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ को भी समान कार्य का समान वेतन दिया जाए, लेकिन फिर भी हमारी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है।वहीं, बिहार रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ रोहतास जिला इकाई के सचिव नागेंद्र चौधरी ने बताया कि आज से हम लोग धरना पर बैठे हैं और चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को सरकार के दोहरे नीति एवं सौतेले व्यवहार के विरुद्ध रैली एवं थाली पीटते हुए जिला के मुख्य मार्ग से होते हुए जिला पदाधिकारी समक्ष जाएंगे। साथ ही 29 जनवरी को शाम 5:30 बजे से जिला के गृहरक्षकों द्वारा जिला के मुख्य मार्ग से होते हुए जिला समाहरणालय तक शांतिपूर्ण वातावरण में मसाल जुलूस भी निकाला जाएगा तथा यदि सरकार ने हमारी मांगे पूरी नहीं की तो राज्यव्यापी आंदोलन होगा। बिहार रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ का राजधानी पटना में अपनी कई मांगों को लेकर बिहार गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय से लेकर पटना समाहरणालय तक प्रदर्शन किया गया। दरअसल, बिहार गृह रक्षा वाहिनी के कर्मियों के द्वारा बिहार के 40 पुलिस जिला में अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया है। इसमें साफ तौर से इन लोगों ने कहा है कि समान काम का समान वेतन, महंगाई भत्ता जैसे 21 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को प्रदर्शन किया जा रहा है।









# शराब तस्करों के खिलाफ चलाया जा रहा है विशेष अभियान: एसपी

- मुर्गी चारा की आड़ में शराब तस्करी का खुलासा, लाखों की शराब जब्त, एक गिरफ्तार
- चंडीगढ़ से तस्करी कर दरभंगा पहुंचाई जा रही थी शराब



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर पुलिस ने शराब लदी एक कंटेनर को पकड़ा है। उक्त कंटेनर में शराब की खेप छिपाने के लिए डाला के बीच में एक केबिन बनाया गया था, जिसमें शराब की पेटिया रख उसके चारों तरफ से मुर्गी के चारा की बोरियों से ढंका गया था, लेकिन एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उक्त कंटेनर को पकड़ लिया।

पुलिस ने तस्करी के आरोप में कंटेनर के चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है, जो राजस्थान के बाड़मेर जिले का रहने वाला है। शराब की यह खेप पंजाब के चंडीगढ़ से बिहार के दरभंगा पहुंचाई जा रही थी। नया भोजपुर पुलिस ने एसपी को मिली गुप्त सूचना पर इसे एनएच 922 स्थित नया भोजपुर सब्जी मंडी के पास से पकड़ा गया है। गिरफ्तार चालक की पहचान राजस्थान के बाड़मेर जिले के स्वरूपा राम पिता अमेदा राम के रूप में हुई है।

एसपी ने बताया कि चालक से पूछताछ कर मुख्य तस्कर तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य तस्कर को भी जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी, नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

### मुख्य तस्कर की शिनाख्त की जा रही है

पुलिस शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। जिले में शराब तस्करी के जीरो टॉलरेंस की नीति को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। तस्करों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। मुख्य तस्कर की शिनाख्त की जा रही है। उसे भी जल्दी पकड़ लिया जाएगा। - **शुभम आर्य, एसपी, बक्सर**

### सूचना मिलने पर थानों को किया गया अलर्ट

एसपी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गुप्त सूचना मिली कि राजस्थान नंबर की ट्रक से शराब की एक बड़ी खेप लाई जा रही हैं। जिसके बाद सभी थानों को अलर्ट किया गया। तबतक ट्रक वीर कुंवर सिंह सेतु होते हुए औद्योगिक थाना की सीमा को पार कर गया था, लेकिन सब्जी मंडी के पास मुश्तैद नया भोजपुर पुलिस ने उक्त ट्रक को पकड़ने के साथ ही चालक को भी गिरफ्तार कर लिया।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार चालक ने बताया कि यह खेप चंडीगढ़ से दरभंगा ले जाई जा रही थी। हालांकि, शराब की इस खेप का मुख्य तस्कर कौन है, इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है। बरामद शराब की कीमत 20 से 25 लाख रूपए आंकी जा रही है। ट्रक पर विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब की बोतले मिली है। उन्होंने बताया कि कुल 22 तरह की शराब बरामद की गई है, जिसका कुल वजन 4662 लीटर है।

# कांडों के निष्पादन में लापरवाह आईओ पर जारी रहेगी कार्रवाई: पुलिस अधीक्षक




**केटी न्यूज/डुमरांव**

एसपी शुभम आर्य ने सोमवार को नया भोजपुर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने थाना सिरिस्ता समेत केस से संबंधित फाईलों का अवलोकन किया और थानाध्यक्ष समेत सभी पुलिस पदाधिकारियों को समय से कांडो के निष्पादन का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पब्लिक के साथ मैत्री संबंध बनाने व नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। वही, एसपी ने शराब व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाने को कहा। एसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए शराब व मादक पदार्थों की तस्करी रोकना जरूरी है। इसके अलावे एसपी ने जमीन विवाद से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन करने तथा रात्रि गश्त तेज करने का निर्देश दिया।

एसपी ने कहा कि कांडों के अनुसंधान में लापरवाही बरतने वाले आईओ पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में केस को डिस्पोजल नहीं करने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई जारी रहेगी। एसपी के इस निरीक्षण के पुलिसकर्मियों की मुश्किलें बढ़ी रही। निरीक्षण के दौरान डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## चिंतनीय: एक सप्ताह में महज दो किलोमीटर के अंदर तीन सड़क दुघर्टना में पाच लोगों की गई जान

# कार के रौंदने से दसवीं के दो छात्रों की मौत, उग्र ग्रामीणों ने किया हाईवे जाम

- 22 दिन बाद बिहार बोर्ड के मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले थे दोनों मृतक



**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा थाना क्षेत्र के हाईवे 319 स्थित इकिल गांव के पास एक हृदयविदारक घटना घटी है। जहां एक कार ने दसवीं बोर्ड के दो छात्रों को रौंद दिया। जिससे दोनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक इकिल गांव निवासी आदित्य चौधरी के 16 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार व भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव निवासी चन्देश्वर नारायण सिंह के 15 वर्षीय पुत्र प्रियांश कुमार बताए जाते है। घटना रविवार दोपहर डेढ़ बजे के आस पास की है।

इधर दुघर्टना के बाद ग्रामीण उग्र हो गए। ग्रामीणों ने घटनास्थल के पास एन एच 319 को जामकर मुआवजा की मांग करने लगे। लगभग चार घंटे सड़क जाम से हाईवे के दोनों तरफ दो किलोमीटर से अधिक लंबी दूरी तक वाहनों की कतार लग गई थी। बाद में जनप्रतिनिधियों व स्थानीय पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद हाईवे से जाम को हटाया गया। तब जाकर हाईवे पर वाहनों का नियमित परिचालन शुरू हुआ।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों छात्र बाइक पर सवार होकर मलियाबाग से इकिल गांव की तरफ थोडी मस्ती करते आ रहे थे। उसी दौरान विपरीत दिशा से एक मुर्गा व्यवसायी मुर्गा लेकर सोनवर्षा से मलियाबाग की तरफ बाइक से जा रहा था। तभी छात्रों व मुर्गा व्यवसायी की बाइक अनियंत्रित होकर आपस से टकरा गई। जिससे दोनों छात्र सड़क के बीचोंबीच गिर गए। जैसे ही दोनों छात्र सड़क पर गिरे, कि उसी समय तेज रफ्तार से गुजर रही एक कार ने दोनों छात्रों को रौंदते हुए भाग निकला। जिससे छात्र अभिषेक कुमार की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। वही सांस चलने की अनुमान पर प्रियांश कुमार को आरा इलाज के लिए ले जाया गया। जहां चिकित्सक के मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद ग्रामीणों ने कार की पीछा कर परमडीह पुल के पास पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। बाद में पुलिस ने दोनों छात्रों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक प्रियांश कुमार के पिता सोनवर्षा के द एमिटी स्कूल में शिक्षक है। वो अपने परिवार के साथ सोनवर्षा में ही रहते है।

### पुलिस को झेलनी पडी ग्रामीणों की आक्रोश

सड़क दुर्घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और वे सड़क पर उतर गए। जब पुलिस एक बार उन्हें समझाकर सड़क से जाम हटवाने की कोशिश की, तो उग्र ग्रामीणों ने पुलिस पर आक्रोशित हो गए। वे पुलिस पर कार पकड़ने के बजाय जाम हटाने की बात कहने लगे थे। एक पल के लिए पुलिस को ग्रामीणों का आक्रोश झेलनी पड़ी थी।

लोगों का कहना है कि सोनवर्षा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के अंदर दो किलोमीटर की दूरी पर तीन सड़क दुघर्टना हुई है। जिसमें 5 लोग की जान चली गई है। पहली घटना 20 जनवरी को कड़सर गांव के पास खड़ी ट्रक में पीकअप ने टक्कर मार दिया था। जिसमें पीकअप सवार दो युवक की मौत हो गई थी। वही दूसरी घटना 22 जनवरी की सुबह क्रेटा कार ने कंटेनर में टक्कर मारने से एक युवक की मौत हो गई थी। जबकि दूसरी घटना के चार दिन बाद कार के कुचलने से दो छात्रों की मौत हुई है।

## आशा पर्यावरण सुरक्षा के निधन पर शोक सभा आयोजित

**बक्सर।** इटाढ़ी रोड स्थित पीसी कॉलेज के पास विश्वनाथ नगर कॉलोनी के एक निजी गार्डन में आशा पर्यावरण सुरक्षा के संरक्षक इंदुशेखर प्रसाद उर्फ गुड्डू के असामयिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन आशा पर्यावरण सुरक्षा के संयोजक बिपिन कुमार ने की। शोकसभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बबन सिंह कुशवाहा व मध्य विद्यालय धनसोई के अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर प्रसाद सिंह ने जबकि संचालन शिक्षक नेता डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक हृदय नारायण सिंह, नारियल विकास बोर्ड के अवकाश प्राप्त निदेशक डॉ. आरके सिंह, पूर्व विधायक मंजू प्रकाश, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता बबन सिंह, कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक चिंतक अख्तर आह्वान, अधिवक्ता जनार्दन सिंह, सत्य शोधक समाज के शिव प्रसाद कुशवाहा, उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर के प्रधानाध्यापक रमाकांत राम, शिक्षक हरिदर्शन वर्मा, हरेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद।







## कंचनेश्वर शिव मंदिर पर शिव विवाह महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर

**केसठ।** डुमरांव प्रखंड के कोरान सराय पंचायत अंतर्गत कचईनिया कंचनेश्वर धाम पर कंचनेश्वर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा सोमवार को एक बैठक की गई।

बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नंदजी यादव ने किया। इस दौरान शिव विवाह महोत्सव की तैयारी पर चर्चा की गई समिति के अध्यक्ष नंदजी यादव सहित अन्य ने बताया कि प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष शिव विवाह महोत्सव और रोचक होगा। जानकारी के अनुसार इस वर्ष महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाया जा रहा है। इसके तहत 25 फरवरी से ही विवाह महोत्सव को लेकर कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। 26 फरवरी की सुबह पूजनोत्सव के साथ काफी संख्या में घोड़े के साथ रथ के माध्यम से शिवजी की बारात निकलेगी। जो कचईनिया गांव, कोरान सराय, दखिनांव, आथर, शीतल टोला होते हुए पुन: बारात स्थानीय पार्वती मंदिर पहुंचेगी।

## हथियारों के दो सौदागर को पुलिस ने अवैध पिस्तौल के साथ किया गिरफ्तार, बाइक जब्त



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुलिस ने अवैध असलहे के साथ दो सौदागरों को पकड़ा है। उनके पास से पुलिस ने एक कंट्री मेड रिवॉल्वर बरामद किया है।

थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक टेढ़की पुल के पास खड़े है, जो हथियार तस्कर हैं तथा एक डील करने की फिराक में हैं। इसकी सूचना डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी को दी गई। डीएसपी ने तत्काल छापेमारी करने का निर्देश दिया

इस सूचना पर एक टीम गठित कर छापेमारी करवाई गई, इस दौरान दोनों रंगेहाथ पकड़े गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब पुलिस टीम उक्त स्थल पर पहुंची तो दोनों एक स्पलेंडर प्लस बाइक जिसका नंबर बीआर 44 एल 9765 पर टेढ़की पुल के आस पास चक्कर लगा रहे थे। पुलिस टीम ने उन्हें रोक जब तलाशी ली तो एक के कमर से देशी रिवाल्वर मिला। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तस्करों की पहचान डुमरांव के दक्षिण टोला निवासी बालदेव प्रसाद के पुत्र अनिल कुमार तथा बगेन गोला थाना क्षेत्र के एकरासी गांव निवासी स्व. भगवान शाह के पुत्र नंदलाल शाह के रूप में हुई है।

## एक फरवरी को काली पट्टी बांध शिक्षक करेंगे सांकेतिक हड़ताल

**बक्सर।** जिला प्राथमिक शिक्षक संघ बक्सर जिला कार्यकारिणी की बैठक प्लस टू विद्यालय बरुना के परिसर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यतीन्द्र कुमार चौबे ने की। बैठक में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा लिये गये निर्णय के साथ ही बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के दिशा-निर्देश पर एक फरवरी 2025 को शिक्षक काली पट्टी लगाकर नयी पेंशन योजना (एनपीएस) का विरोध करने का निर्णय लिया गया। शिक्षकों ने कहा कि काली पट्टी बांध हम सभी अपने विद्यालयों में अपने कर्तव्य पर डटे रहेंगे। सरकार को हमारे सांकेतिक भावना को समझना होगा अन्यथा हम आंदोलन के लिये विवश होंगे।समाहरणालय बक्सर में दिशा की बैठक में सांसद सुधाकर सिंह, एमएलसी जीवन कुमार, विधायक बक्सर संजय कुमार तिवारी जी उर्फ मुन्ना तिवारी, विधायक अजीत कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को जोरदार ढंग से रखने पर उन्हें धन्यवाद दिया गया।







## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया पालना घर का उद्घाटन

# पालना घर में बच्चों के लिए पाठशाला व महिलाओं के आराम की होगी व्यवस्था



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को पालना घर की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने उद्घाटन करते हुए पालना घर का नियमित निरीक्षण का निर्देश दिया।

वहीं, आईसीडीएस डीपीओ रंजना कुमारी ने बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में महिलाओं को 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के बाद प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। यही कारण है कि आज प्रत्येक सरकारी कार्यालय में महिला कर्मी व पदाधिकारियों की हिस्सेदारी बढ़ी है। जिसके तहत बच्चे के जन्म के बाद कई कामकाजी महिलाओं के लिए घर से बाहर कार्य करना मुश्किल होता है। इसलिए उन्हें कई बार अपनी नौकरी भी छोड़नी पड़ती हैं। इसलिए यह पहल मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 व 2017 के अंतर्गत प्रावधानों व महिलाओं को कार्यस्थल पर सहयोग प्रदान करने की नीति के तहत की गई है।

**पालना घर का महत्व :** पालना घर में 0-6 वर्ष तक के बच्चों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। यहां प्रशिक्षित स्टाफ के माध्यम से बच्चों की देखभाल, पोषण, सुरक्षा और मनोरंजन सुनिश्चित किया जाता है। बच्चों के लिए खेलकूद के साधन और एक सुरक्षित वातावरण प्रदान किया गया है। पालना घर, विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं के लिए, उनके बच्चों की देखभाल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यस्थल पर बच्चों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना महिलाओं के कामकाजी जीवन और परिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन स्थापित करने में सहायक होता है।

### पालना घर की विशेषताएं

**सुरक्षित वातावरण :** प्रशिक्षित कर्मचारियों की देखरेख में बच्चों को एक सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण।

**मनोरंजन और शिक्षा :** बच्चों के लिए खेलकूद और शैक्षणिक गतिविधियां।

**सहज पहुंच :** पालना घर समाहरणालय परिसर में स्थापित किया गया है ताकि जिला मुख्यालय में कार्यरत सरकारी संस्थानों के कर्मी (माता-पिता) आसानी से अपने बच्चों की देखभाल कर सकें।

### 76वां गणतंत्र दिवसः आन-बान और शान से लहराया तिरंगा, मुख्य कार्यक्रम किला मैदान में संपन्न

# संवैधानिक मूल्यों के तहत हो रहा चहुमुंखी विकास आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में आई तेजी: डीएम





**केटी न्यूज/बक्सर**

देश का 76वां गणतंत्र दिवस समारोह रविवार को जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों, दफ्तरों, प्रतिष्ठानों के अलावे राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों के कार्यालयों पर झंडोतोलन कर राष्ट्रगान गाया गया। जिले के मुख्य समारोह किला मैदान में आयोजित हुआ था, जहां डीएम अंशुल अग्रवाल ने झंडा फहरा परेड की सलामी ली। झंडोतोलन व राष्ट्रगान के बाद एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के वोलंटियर व स्कूली छात्रों ने मार्च पास्ट किया। वही इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित कई गीत, नृत्य, एकांकी, नाटक व झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

अपने संबोधन में डीएम ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और कहा कि देश आज अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हमने 76 वर्षों तक अपने संविधान को अच्छूण रखा, यह बड़ी उपलब्धि है।

- डीएम ने किला मैदान में झंडोतोलन कर मार्च पास्ट की ली सलामी, स्कूली छात्रों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम
- सभी स्कूल कॉलेजों, सरकारी व निजी दफ्तरों, राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के कार्यालयों पर फहराया गया तिरंगा

**बक्सर का हो रहा चहुमुंखी विकास :** डीएम ने इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी तथा कहा कि सरकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू किया जा रहा है। वही, डीएम ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बक्सर का तेजी से विकास हुआ है। इस दौरान बक्सर जिले में कई आयाम स्थापित किए है। उन्होंने कहा कि बक्सर में इंजिनियरिंग कॉलेज, डुमरांव में कृषि कॉलेज, निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल, चौसा का निमार्णाधीन थर्मल पॉवर प्लांट, केशोपुर का जलशोध संयत्र समेत कई अन्य योजनाएं बक्सर के विकास की प्रमाण है।

इस मौके पर एसपी शुभम आर्य, डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल, एडीएम कुमारी अनुपम सिंह, सदर एसडीएम धीरेन्द्र कुमार मिश्र, सदर डीएसपी धीरज कुमार समेत जिला स्तरीय व अनुमंडल स्तरीय सभी पदाधिकारी, विभिन्न स्कूल कॉलेजों के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के वोलंटियर, छात्र-छात्राएं समेत सैकड़ो गणमान्य उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा, जश्न में डूबा रहा डुमरांव अनुमंडल

**डुमरांव।** गणतंत्र दिवस पर अनुमंडल मुख्यालय सहित पंचायतों में शान से तिरंगा लहराया। लोगों ने तिरंगे को सलामी देकर शहीदों को नमन किया। सरकारी कार्यालयों से लेकर स्कूलों व अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में उत्सव का माहौल रहा। लोगों ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। अनुमंडल मुख्यालय के राज हाई स्कूल मैदान पर गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह का आयोजित हुआ। यहां एसडीओ राकेश कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एसडीओ के साथ डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। गणतंत्र दिवस के परेड में सुमित्रा महिला कॉलेज सहित विभिन्न स्कूलों के एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर दर्शकों का मंत्रमुग्ध कर दिया। बचपन प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देश के महान विभूतियों पर आधारित झांकी की प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया। बच्चों के कार्यक्रम पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजायी। अपने संबोधन में एसडीओ ने कहा कि सरकार की योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आ रहा है।

**पेड़-पौधे है प्रकृति का गहना :** डुमरांव एसडीएम ने जल-जीवन-हरियाली बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति का गहना पेड़-पौधे है। इसे बचाने के लिए हर व्यक्ति को एक-एक पेड़ लगाना चाहिए और उसे जीवित रखने की जिम्मेदारी स्वयं लेना चाहिए ताकि पेड़-पौधे बढ़े और धरती पर हरियाली का संगम बना रहे। एसडीओ ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा होने से हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ होगा और हमे शुद्ध ऑक्सीजन आसानी से मिल पायेगा। वहीं, डीएसपी ने अपराध नियंत्रण में आमलोगों से सहयोग की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने सबों से यातायात नियमों के पालन करने के साथ पुलिस-पब्लिक मैत्री को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाचार्य अनुराग कुमार मिश्रा ने किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडेय, अंचलाधिकारी शमन प्रकाश सहित प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य मौजूद थे।



किला मैदान में झांकी प्रस्तुत करते जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मी व स्वास्थ्य कर्मी।



डुमरांव के राज हाई स्कूल मैदान में झांकी प्रस्तुत करती छात्राएं।

## पटना ने डुमरांव को तीन-एक से हरा कर शील्ड पर किया कब्जा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय राज हाईस्कूल के खेल मैदान में अनुमंडल प्रशासन की तरफ से एक दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय फाईनल मैच में पटना और डुमरांव के बीच मुकाबला हुआ।

इस मैच का उद्घाटन एसडीओ राकेश कुमार और डीएसपी अफाक अंख्तर अंसारी ने फटबॉल को कीक मार कर किया। पहले हाफ के पंद्रह मिनट के भीतर ही पटना की टीम ने लगातार तीन गोल दाग कर 3-0 की बढ़त बना ली। हालांकि इसमें डुमरांव के गोलकीपर गोल बचाव में कहीं नजर नहीं आया। फिर जब मध्यांतर के बाद खेल शुरू हुआ तो डुमरांव की टीम का जलवा देखने को मिला। मध्यांतर के बाद जैसे ही खेल शुरू हुआ डुमरांव के अग्रणी पक्ति के खिलाड़ियों ने पटना के गोलपोस्ट पर धावा बोलना शुरू कर दिया। उसे पहला गोल करने की कामयाबी 55वें मिनट मिला। डुमरांव एक गोल करके गोल का अंतर 3-1 से कर दिया। फिर डुमरांव के खिलाड़ियों ने ताबड़तोड़ पटना के गोल पोस्ट पर धावा बोलना शुरू किया। कई अच्छे मूवमेंट भी बने लेकिन पटना के गोलकीपर ने अच्छा बचाव करते हुए सभी को फेल कर दिया। दर्शकों ने गोलकीपर के बचाव को जमकर तारीफ की। हलांकि दर्शक भी खेल भावना को कद्र करते हुए दोनों तरफ के खिलाड़ियों की जमकर सराहते हुए हौसला अफजाई की। डुमरांव के हारने का उन्हें दुख जरूर था, लेकिन डुमरांव के खिलाड़ियों ने जा अपना प्रदर्शन किया, उसे हारना नहीं चाहिये था। जीतने वाली पटना के टीम को शील्ड प्रदान पूर्व फुटबॉलर वफा अंसारी और लल्लु खान ने दिया। फिर पटना के खिलाड़ियों ने शील्ड के साथ पूरे मैदान का चक्कर लगाया। इस मैच के आयोजन में पूर्व फुटबॉलर भगवती प्रसाद व संजय शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

- गणतंत्र दिवस के मौके पर अनुमंडल स्तरीय एक दिवसीय फाइनल फुटबॉल मैच का आयोजन






## गणतंत्र दिवस पर मार्मिक नाटक के माध्यम से बच्चों ने मोहा मन



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल रहा। क्षेत्र के सभी सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सुबह से ही बच्चों ने देशभक्ति गीतों के साथ प्रभात फेरी निकालकर देशभक्ति का माहौल बना दिया था। रघुनाथपुर स्थित आरपी रेजिडेंशियल स्कूल में भी गणतंत्र दिवस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत संगीत का अतिथियों ने खूब आनंद लिया। वहीं वीर शहीद का परिवार नाटक में सीमा पर शहीद जवान के शव को घर पर लाने और परिवार तथा उसकी छोटी बच्ची के रोने के मार्मिक दृश्यों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों की आंखें नम कर दी। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए नाटक में शहीदों के बलिदान के बाद उनके परिवारों पर बीतने वाले क्षणों का सजीव प्रस्तुति किया। जिसमें लोगों का मन मोह लिया इस दौरान बच्चों की प्रस्तुति ने छोटे छोटे बच्चों द्वारा राम सिया, शिव तांडव के साथ झांसी की रानी नाटक की भी प्रस्तुति दी गई। इसके लिए बच्चे पिछले एक महीने से रिहर्सल कर रहे थे।

- विद्यालय के अध्यक्ष ने किया झंडोत्तोलन

### मानक के अनुरूप सड़क निर्माण नहीं होने से टूटने लगी सड़क

**डुमरांव।** नगर परिषद क्षेत्र में रोड, नाली और गली बनाने की जैसे बाढ़ सी आ गई है। रोड बनाने में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिये जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कई रोड की स्थिति इतनी खराब है कि बीच में रोड टूटकर गड्ढा में तब्दिल हो गया है। सुमित्रा कॉलेज रोड को बने एक से डेढ़ माह हुआ होगा और रोड का गिट्टी निकल बिखरने लगा है। जहां रोड खराब बनता है, वहां के लोग जब संवेदक से शिकायत करते हैं, तो वह किसी की एक नहीं सुनता। जब लोग अधिकारियों के पास शिकायत करते हैं तब भी इस पर संज्ञान नहीं लिया जाता। समित्रा कॉलेज रोड के वार्ड 21 में दर्जनों नई-नई कॉलोनियों बस गई है। उसे जोड़ने के लिये रोड का निर्माण किया जा रहा है। किसी रोड को मानक के अनुरूप नहीं बनाया जा रहा है। कोई रोड शुरू में ही टूटकर बिखरने लगा है तो कुछ बीच से ही टूट गया है। रोड टूटने से उसमें की गिट्टी निकल चारो तरफ फैलने लगा है और वहां गड्ढा बनते जा रहा है। लोग अब सवाल करने लगे हैं कि आखिर घटिया निर्माण के पीछे की क्या वजह है।

## केसठ में ऊंचे गगन के तले शान से लहराया तिरंगा

**केसठ।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों में हर्षोल्लास के साथ रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत सरकार भवन केसठ, पंचायत भवन और मनरेगा भवन में केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने झंडोतोलन किया। वही मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, कन्या प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय के एचएम मनोज कुमार ने झंडोतोलन किया।
इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे छोटे-छोटे तिरंगा के साथ अपने अपने विद्यालय में उपस्थित हुए। सन विजन एकेडमी में बच्चों ने इस मौके पर देश भक्ति गीत, भाषण, सामाजिक नाटक आदि की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिए। इसी कड़ी में सोन नहर अवर प्रमंडल सिद्धिपुर के कनीय अभियंता पप्पू सिंह के द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया। इस मौके पर बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा, अंचलाधिकारी अभिषेक गर्ग, सरपंच दुर्गावती देवी, संजय बारी, हरीश चंद्र, प्रफ्फुल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### सम्मेलन को लेकर एनडीए ने निकाला फ्लैग मार्च

**डुमरांव।** जिला मुख्यालय बक्सर के किला मैदान में मंगलवार को एनडीए का सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिये एनडीए के कार्यकर्ता दिन-रात अपने पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं से मिल रहे हैं। साथ ही नगर के बाजारों में जुलूस और फ्लैग मार्च निकाल लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को डुमरांव विधान सभा प्रभारी रवि उज्जवल कुशवाहा ने डुमरांव नगर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान नेता और कार्यकर्ता हर चौक-चौराहों और गली के नुक्कड़ पर रूक लोगों को सम्मेलन में आने के लिये कह रहे थे। फिर उन्हें नीतीश सकरार में महिला, नौजवानों और बुजुर्गों के लिया क्या सुविधाएं प्रदान की है, उसे बताया जा रहा था।









### शहीदों को पुष्प अर्पित कर हेरिटेज स्कूल में शुरू किया गया गणतंत्र दिवस का समारोह

# अमर शहीदों के बलिदानों से अवगत हुए स्कूली बच्चे

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय अंतर्गत अर्जुनपुर स्थित हेरिटेज स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस क्रम में स्कूल प्रबंधन के द्वारा देश के लिए अमर हुए शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिसके बाद विद्यालय के संस्थापक स्व. दिलीप कुमार पाठक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। इस बीच देशभक्ति के नारों के बीच अध्यक्ष प्रेम कुमार पाठक ने झंडोत्तोलन किया।

इसके बाद स्कूल के छात्र-छात्राओं और अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रेम कुमार पाठक, निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार पाठक एवं प्राचार्या डॉ. सुषमा कुमारी ने गणतंत्र दिवस की महत्ता और इसके पीछे के संघर्षों को याद किया। इसके बाद स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच हेरिटेज स्कूल के छात्रों ने ओजपूर्ण प्रबोधन से वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया।



निदेशक डॉ. प्रदीप पाठक ने राष्ट्रीय वेट लिफ्टर अभिषेक कुमार सिंह उर्फ बमबम सिंह को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया। अभिषेक सिंह ने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेल के प्रति उत्प्रेरित एवं उत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के कक्षा आठ के छात्र श्रेष्ठ पाठक एवं छात्रा अनन्या तिवारी ने सफलता पूर्वक किया। महत्वपूर्ण प्रस्तुतियों में विद्यालय के छात्र जैसे प्रेप के छात्र-छात्राएं नायरा देवशिल्पी, वागीशा पाठक, माही, गोसिया, वैभव, आरोही, अराध्या, सातवीं कक्षा की वंशिका अग्रवाल, कक्षा तीन की खुशी कुमारी, भाव्या, संस्कृति, पायल, जाह्नवी, माहि कुमारी, कृष्णा कुमार, कक्षा एक की भूमि, अनुराधा, नैना, अंशुमान, परी, अनोखी, सोनाली कुमारी, कक्षा चार की पुष्टि कुमारी, आदित्य, श्रेया, राज लक्ष्मी, अंजलि कुमारी, कक्षा पांच की कृति, अदित्रि, अदिस्ति कुमारी, नौवीं कक्षा की छात्रा कस्तूरी मिश्रा, नव्या सिंह, सिया केशरी, नीति कुमारी इत्यादि ने अपने अनूठे एवं शानदार प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन हेरिटेज स्कूल के छात्र श्रेष्ठ पाठक ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों मनीष कुमार पांडेय, चंदा चार्या शर्मा, गणेश दत्त तिवारी, सुरेन्द्र नारायण पांडेय, अंकुर पांडेय, अजय सिंह, विमलाकर मिश्रा, ओमप्रकाश, रजनीकांत उपाध्याय, विजय कुमार चौबे, विवेक चौधरी, शुभ्रा, मिनू कुमारी, अल्का कुमारी व सुरभी राय का योगदान सराहना रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में अपनी मुख्य भूमिका निभाने वाले सुदीप कुमार पाठक एवं नंदन पाठक का विशेष धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रामगढ़ में महिला का हत्यारा गिरफ्तार, बात करने से इनकार करने पर प्रेमी ने ली जान!

**रामगढ़, एजेंसी।** जिला के गोला थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके प्रेमी अफसर अंसारी उर्फ राजा को विशेष टीम ने पांच घंटे के अंदर मगनपुर के जगलों से गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू, खून से सने कपड़े व जूते और मोबाइल बरामद किये गये हैं। बता दें कि शनिवार देर शाम गोला थाना क्षेत्र के गांव में महिला को घर में अकेला पाकर प्रेमी अफसर अंसारी उसके घर पहुंचा। दोनों में किसी बात को लेकर बहस हुई जिससे गुस्से में आकर अफसर ने धारदार हथियार से किचन में ही उसकी हत्या कर दी। मामला सामने आने के बाद रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित किया। इस टीम ने तकनीकी तौर पर मिले साक्ष्य के आधार पर हत्यारे को 5 घंटे के अंदर मगनपुर के जंगलों से दबोच लिया। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि एसआईटी ने हत्या के आरोपी अभियुक्त अफसर अंसारी उर्फ राजा को गिरफ्तार किया है। इसके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू खून से सने कपड़े और जूते बरामद किए गए हैं। आपसी रंजिश में पूरी वारदात को इसने अंजाम दिया है साथ ही महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। जब महिला ने आरोपी से बात करने से इनकार किया तब इसने बदला लेने के उद्देश्य से धारदार हथियार से महिला का गला काट दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। अभियुक्त अफसर अंसारी उर्फ राजा (पिता–अख्तर अंसारी, सा0–चास न्यू तेलगड़िया, थाना–चिरा चास) जिला बोकारो का रहने वाला है। अभियुक्त के पास से मोबाइल फोन, खून लगा हुआ शर्ट, जूता, जैकेट और कांड में प्रयुक्त खून लगा हुआ चाकू बरामद किया गया है। इस मामले में पुलिस अग्रतर कार्रवाई कर रही है। इस मामले में कार्रवाई को लेकर छापामारी दल में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के साथ पु0नि0–सह–थाना प्रभारी, रजरप्पा, नवीन प्रकाश पांडेय, पु0अ0नि0 अभिषेक प्रताप, थाना प्रभारी, गोला, पु0अ0नि0 कुमार प्रभात रंजन, पु0अ0नि0 अमित कुमार और गोला थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

### झारखंड के शिक्षा मंत्री ने 800 छात्रों को पुरी के लिए किया रवाना, बोले- भविष्य में काम आएगा यह अनुभव

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जिले के टाटानगर स्टेशन से झारखंड के अलग–अलग जिलों से कुल आठ सौ छात्र स्पेशल ट्रेन से पुरी के लिए रवाना हुए हैं। झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को इस यात्रा से विशेष अनुभव होगा। साथ ही छात्रों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। दरअसल, झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 800 बच्चों को पुरी के शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया है, जिनमें 100 बच्चे पूर्वी सिंहभूम जिला के शामिल हैं। बच्चों के साथ प्रत्येक जिला से तीन–तीन शिक्षक भी इस यात्रा में शामिल हैं। इस यात्रा को लेकर बच्चों में काफी उत्साहित दिखाई दिया। ट्रेन के खुलने से पहले शिक्षा मंत्री ने ट्रेन के पैंट्री कार का निरीक्षण किया। इसके बाद बच्चों को दी जाने वाली मेन्यू की जांच की और बोगियों में जाकर बच्चों से मुलाकात भी की। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी इस यात्रा में शामिल हैं। इस यात्रा से स्कूली बच्चों को काफी कुछ नया सीखने को मिलेगा। उन्हें नया अनुभव मिलेगा जो आने वाले समय के लिए काम आएगा– रामदास सोरेन, झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन बताया कि राज्य सरकार सरकारी स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण का निर्माण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध है। पूर्वी सिंहभूम जिला में भी बच्चों को विभिन्न निजी कंपनियों व जिला अंतर्गत अन्य दर्शनीय, पर्यटन स्थल का भ्रमण कराया जा रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि राज्य सरकार का यह प्रयास सार्थक साबित होगा। इस दौरान झारखंड के शिक्षा मंत्री के अलावा पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष के अलवा अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बोकारो में दर्दनाक सड़क हादसा, बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत

**ललपनिया (बोकारो), एजेंसी।** गोमिया–ललपनिया मुख्य मार्ग पर हरदियामो मोड़ के पास रविवार को दो बाइकों के बीच आमने–सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। मृतक में एक कोदवाटांड निवासी टीटीपीएस कर्मचारी 59 वर्षीय आनंद करमाली तथा दूसरा तुलबुल पंचायत के ग्राम बिरसा भोलाडीह निवासी सितल गोप का 32 वर्षीय पुत्र सुरेश कुमार यादव उर्फ मुकेश यादव बताया गया। गोमिया पुलिस ने दोनों शव तथा बाइक को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। वहीं दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आनंद करमाली कोदवाटांड से अपनी हीरो बाइक (छ्व॥10क्र-5895) से हरदियामो साइट बस्ती मजदूर खोजने जा रहा था। वहीं तुलबुल के बिरसा भोलाडीह से सुरेश कुमार यादव उर्फ मुकेश अपनी डिस्कवर बाइक से अपने भतीजे को डीएवी स्कूल ललपनिया पहुंचाने जा रहा था। इसी दौरान हरदियामो मोड़ के पास दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें आनंद करमाली की मौत मौके पर ही हो गई। वहीं सुरेश कुमार यादव को बोकारो बीजीएच ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर कोलेबिरा( सिमडेगा) थाना क्षेत्र के सिजांग गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए।

# हर्षोल्लास से मना 76वां गणतंत्र दिवस समारोह

**रांची, एजेंसी।** 26 जनवरी 2025 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने 76वां गणतंत्र दिवस महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, सीसीएल गांधीनगर में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेन्दु कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

निलेन्दु कुमार सिंह ने सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ जवानों, आर्मी बैंड और गांधीनगर डीएवी व ज्ञानोदय स्कूल के विद्यार्थियों की परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सीएमडी के साथ निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन), हरीश दुहान, सीवीओ श्री पंकज कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, श्रमिक प्रतिनिधि, सीसीएल कर्मी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर विशिष्ट अतिथि के तौर पर अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह और क्लब की अन्य सदस्य भी उपस्थित रहीं।

अपने संबोधन में सीएमडी श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के संविधान निर्माताओं को नमन किया। उन्होंने बताया कि सीसीएल न केवल कोयला उत्पादन और प्रेषण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि सामाजिक विकास के क्षेत्रों में भी अहम योगदान दे रहा है। उन्होंने 2026 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई और बताया कि कंपनी सोलर पावर प्लांट्स की स्थापना और ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है।

श्री सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के तहत अब तक



सीसीएल कमांड क्षेत्र में 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने और 5,500 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर हरित क्षेत्र विकसित करने की जानकारी दी। उन्होंने मियावाकी प्लांटेशन तकनीक के माध्यम से चल रहे वृक्षारोपण और इको-पार्क विकास योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने सीसीएल की सीएसआर पहलों पर चर्चा करते हुए बताया कि कंपनी स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, स्वच्छता और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में, कंपनी हर साल 2 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही है और हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर स्थापित करने में मदद कर रही है।

शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सीसीएल ने सरकारी स्कूलों में स्मार्टक्लास एवं आईसीटी लैब स्थापित की हैं और स्थानीय युवाओं को विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। हाल ही में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की 10 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा प्रदान किए गए। सीसीएल की जेएसएसपीएस खेल अकादमी के कैडेट्स ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 8 पदक जीते हैं। कंपनी के खेल योगदान के तहत महिला फुटबॉल टीम ने 63वें सुब्रतो कप में शानदार जीत हासिल की।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने मुख्यालय दरभंगा हाउस और गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने संबोधन में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, श्रमिकों और गणमान्य व्यक्तियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे संविधान की गरिमा और लोकतंत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को व्यक्त करने का एक अवसर है। सीसीएल अपने कार्यों और योजनाओं के माध्यम से न केवल उद्योग जगत में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, बल्कि समाज के आर्थिक और सामाजिक उत्थान में भी योगदान दे रहा है।

समारोह के बाद, सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में अमृत फार्मेसी का उद्घाटन किया। समारोह में डीएवी गांधीनगर, केंद्रीय विद्यालय और ज्ञानोदय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में शांति और प्रगति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में उड़ाया गया। इस अवसर पर परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सीएमडी ने पुरस्कार प्रदान किए। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सीसीएल के सुरक्षा गार्ड को भी गणमान्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## आईपीएस अंजनी अंजन को मिला गृह मंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक, नक्सलियों के खिलाफ अभियान ऑक्टोपस का किया था नेतृत्व



**पलामू , एजेंसी।** झारखंड के तेज तर्रार आईपीएस अंजनी अंजन को गृह मंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक मिला है। वर्तमान में अंजनी अंजन पलामू एसीबी एसपी के पद पर तैनात हैं। इससे पूर्व अंजनी अंजन लातेहार में एसपी के पद पर तैनात थे। रांची में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आईपीएस अंजनी अंजन को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गृह मंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक से सम्मानित किया है।

आईपीएस अंजनी अंजन को लातेहार के इलाके में माओवादियों के खिलाफ सबसे सफल अभियान ऑक्टोपस चलाने के लिए पदक दिया गया है। अंजनी अंजन के नेतृत्व में बूढ़ापहाड़ के इलाके में माओवादियों के खिलाफ अभियान ऑक्टोपस चलाया गया था। बूढ़ापहाड़ की इलाके में अभियान ऑक्टोपस 2022-23 में चलाया गया था। इस अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली थी। सुरक्षबलों ने माओवादियों के ट्रेनिंग सेंटर बूढ़ापहाड़ पर कब्जा किया था। इस अभियान का नेतृत्व अंजनी अंजन कर रहे थे। उस दौरान कई बड़े माओवादी पकड़े गए थे। साथ ही कई ने आत्मसमर्पण किया था।

अभियान ऑक्टोपस सितंबर 2022 में शुरू हुआ था और जनवरी 2023 में बूढ़ापहाड़ कब्जे के साथ खत्म हुआ था। 27 जनवरी 2023 को बूढ़ापहाड़ पर पहली बार सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे थे।

## आर्ट ऑफ गिविंग रांची इकाई की मैराथन का समापन




**रांची, एजेंसी।** केआइआइटी, केआइएसएस एवं आर्ट ऑफ गिविंग के प्रणेता प्रो।अच्युता सामंत की सोच को अमली जामा पहनाने की दिशा में आर्ट ऑफ गिविंग की रांची इकाई द्वारा आयोजित मैराथन का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने मैराथन का उद्घाटन कर इसे ऐतिहासिक बनाने में अहम भूमिका निभाई। दौड़ की शुरुआत एचईसी क्षेत्र के सेक्टर 3 मैदान से हुई और धुर्वा गोलचक्कर, विधानसभा मार्ग होते हुए सेक्टर 3 मैदान के पास ही संपन्न हुई। मैराथन के आयोजन का उद्देश्य न केवल खेल भावना को बढ़ावा देना, बल्कि समाज में एकजुटता और जागरूकता का संदेश देना भी था।

इस दौरान प्रतिभागियों ने पूरे जोश वा उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया। इसमें रांची वासियों का भरपूर समर्थन वा उत्साह देखा गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शिक्षाविद वा समाजसेवी प्रो।अच्युत सामंत के उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रो।सामंत द्वारा शिक्षा वा समाज के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा कि उनका यह प्रयास युवाओं के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम में सुनील सहाय, विकास वर्मा, विश्वजीत नंदी, संजय कुमार, उत्तम राज आदि शामिल थे। सभी ने आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों को बधाई दी और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह समाज में जागरूकता लाने वा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देने वाला एक मंच भी था। प्रतिभागियों वा आयोजकों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एक महीने में बिजली विभाग के पास पहुंची 17 हजार से अधिक शिकायत, स्मार्ट मीटर को लेकर उठाया गया बड़ा कदम



**रांची, एजेंसी।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से उपभोक्ताओं को बिजली बिल से संबंधित परेशानियों से छुटकारा दिलाने के लिए विभाग की ओर से सहायता शिविर का आयोजन किया गया। यह सहायता शिविर 17 दिसंबर से लेकर 31 जनवरी तक चलेगी, लेकिन 23 जनवरी तक मात्र 17259 ही मामले पहुंचे है।

इसमें से 16446 मामलो का निपटरा हो चुका है, लेकिन 813 मामले लंबित है। विभाग का दावा है कि 813 मामले जल्द ही निपटा लिए जाएंगे।

इस सहायता शिविर में मोबाइन नंबर पंजीकृत, स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी, अधिक बिजली बिल पहुंचने से संबंधित परेशानी, बिजली बिल नही पहुंचने, सिक्युरिटी डिपोजिट, अकाउंट से संबंधित, ऑनलाइन पेमेंट नही होने समेत कई मामलों के निपटरे को होते है।

बता दें कि विभाग के अनुसार डेढ माह का सहायता शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें शहरी 3।5 लाख उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य लिया गया था, लेकिन शिविर के माध्यम से भी अबतक मात्र 30 प्रतिशत ही उपभोक्ताओं को जोड़ा जा सका है।

सर्किल के अधीक्षण अभियंता डीएन साहू ने बताया कि 31 जनवरी तक नियमित रूप से शिविर का काम चलेगा। लक्ष्य की प्राप्ति तक कार्यालय में स्मार्ट मीटर से संबंधित नंबर अपडेट किए जाएंगे।

साथ ही जरूरत पड़े तो शिविर का विस्तार भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली विभाग के लिए उपभोक्ताओं को सुविधा देना एक बड़ी चुनौती साबित हो रही थी, जिसे देखते हुए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

पंचम वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आदित्यपुर जियाडा सभागार में बैठक आयोजित किया गया। इसमें नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं व समस्याओं को लेकर शुक्रवार बैठक किया गया। बैठक में जियाडा की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने चाईबासा के नीमडीह में जियाडा द्वारा स्टील उद्योग के लिए अधिग्रहित 697 एकड़ भुखंड पर उद्योग नहीं लगने की वजहों को जाना।

वहीं सुझाव दिया कि स्टील उद्योग नहीं लग रहा तो अन्य उद्योगों के लिए भूखंड को आवंटित करें। कंपनी मालिकों की ओर से कहा गया कि जियाडा क्षेत्र में सड़क, पानी व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था काफी खराब है। जिसको दुरूस्त किया जाएं। आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स को लेकर जियाडा और निगम को एक मंच पर बैठकर इसका समाधान करने की बात कही।

वहीं सुवर्णरेखा परियोजना द्वारा नगर निगम को आ सौ करोड़ पानी बिल बकाया मामले पर बकायेदार कंपनियों को दूसरी नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

## गिरने लगा प्रदेश का तापमान, फिर बढ़ी कनकनी



**रांची, एजेंसी।** झारखंड का तापमान एक बार फिर गिरने लगा है। इसके साथ ही कनकनी भी बढ़ गई है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे आ गया है। न्यूनतम तापमान 4 डिग्री के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। हालांकि, दृश्यता (विजिबिलिटी) की समस्या दूर हुई है। झारखंड में सबसे कम विजिबिलिटी पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर में रही। यहां की दृश्यता सोमवार (27 जनवरी) को 1800 मीटर रही।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की वेदर रिपोर्ट में बताया गया है कि झारखंड के तापमान में रविवार (26 जनवरी) से ही गिरावट आने लगी। रांची, जमशेदपुर, डाल्टेनगंज, बोकारो और चाईबासा के न्यूनतम तापमान में महज 24 घंटे के अंदर 3।4 डिग्री से 4।1 डिग्री सेंटीग्रेड तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इससे लोगों को फिर से कनकनी वाली ठंडी लगने लगी। सोमवार को रांची के न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन जमशेदपुर, डाल्टेनगंज और चाईबासा के न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट आई है। जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 2।8 डिग्री घटा है जबकि चाईबासा के न्यूनतम तापमान में 3।4 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट आई है। डाल्टेनगंज का पारा 0।7 डिग्री गिरा है। बोकारो के न्यूनतम तामपान में 0।1 डिग्री सेंटीग्रेड की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। रांचा का न्यूनतम पारा 0।2 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है।

अगर पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में अधिकतम तापमान की बात करें, तो सरायकेला का पारा सबसे अधिक रहा। यहां उच्चतम तापमान 29।8 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 4।2 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया।

## महिला हॉकी लीग की विजेता बनीं ओडिशा वॉरियर्स, सीएम हेमंत बोले, खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**रांची, एजेंसी।** हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले झारखंड की राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में 26 जनवरी को खेले गए फाइनल मुकाबले में ओडिशा वॉरियर्स ने रोमांचक मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। दूसरे क्वार्टर में रुतुजा दादासो पिसल ने वारियर्स को बढ़त दिलाई। लेकिन इसके तुरंत बाद सूरमा की पेनी स्क्रिब ने गोल दाग कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। लेकिन रुतुजा ने अंतिम क्वार्टर में फिर से गोल कर वारियर्स की जीत सुनिश्चित कर दी। विजेता टीम को डेढ़ करोड़ का चेक मिला है।

फाइनल मुकाबला देखने के लिए पूरा रांची का स्टेडियम हॉकी प्रेमियों से खचाखच भरा हुआ था। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर कदम उठा रही है। खेलों के आयोजन से युवाओं में ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई खेल आयोजन हो रहे हैं, जो खेल और खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

देश में पहली बार हुआ महिला हॉकी लीग

12 जनवरी को महिला हॉकी लीग का भव्य तरीके से आगाज हुआ था। आकर्षक आतिशबाजी से पूरी रांची दमक उठी थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखंड की झलक देखी थी। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन थीं। उस दिन अपने संबोधन में कल्पना सोरेन ने कहा था कि भारत में पहली बार हो रहा है, जब देश और विदेश की महिला हॉकी खिलाड़ी चार टीमों में बंटकर इस लीग में भाग ले रही हैं। आयोजन का पहला अवसर झारखंड को मिला है। झारखंड की बेटियां हॉकी के लिए जानी जाती हैं।

पहली बार खेले गए महिला हॉकी लीग में %बंगाल टाइगर्स, दिल्ली पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स और सुरमा हॉकी क्लब% नाम की चार टीमें में शामिल थीं। इनमें झारखंड की 6 खिलाड़ी शामिल थीं। सुरमा हॉकी क्लब की ओर से झारखंड की स्टार हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान, दिल्ली की टीम से संगीता कुमारी और दीपिका सोरेंग जबकि ब्यूटी डुंगडुंग और विनिमा धान बंगाल टाइगर की तरफ से खेलने उतरीं थीं।

## धनबाद में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों को करना होगा इन नियमों का पालन, आ गया नया ऑर्डर

**धनबाद, एजेंसी।** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक की गई। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से कहा कि वह कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाएं। सरकार के निर्देशानुसार प्रसव पूर्व लिंग जांच करवाना कानूनी अपराध है।

इसमें किसी अल्ट्रासाउंड केंद्र की संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। पीएनडीटी एक्ट के तहत कोई भी चिकित्सक लिंग जांच नहीं कर सकता।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों का टीम बनाकर निरीक्षण करने, रिन्यूअल समय पर करने और मेडिकल वेस्ट का निकास कहां किया जा रहा है, इसकी जांच करने का भी निर्देश दिया।





बैठक में नए रजिस्ट्रेशन के लिए समर्पित दो आवेदनों और रिन्यूअल के लिए आए चार संस्थानों द्वारा समर्पित आवेदनों पर विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र के नए रजिस्ट्रेशन और रिन्यूअल के आवेदन में फायर सेफ्टी अनापत्ति प्रमाणपत्र आवश्यक रहेगा।

रेडियोलॉजिस्ट या सोनोलॉजिस्ट को अल्ट्रासाउंड केंद्रों में उपस्थित रहने के समय की लिखित सूचना देनी होगी। सेंटर पर अल्ट्रासाउंड करने का निर्धारित समय प्रदर्शित करना होगा।

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। 10 फरवरी को जिले के 2,248 बूथ पर 4,496 दवा प्रशासक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान को सफल बनाने के लिए 428 सुपरवाइजर भी क्रियाशील रहेंगे। वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी।

अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में बैठक हुई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों की कार्य शैली पर नाराजगी जताई।

सिविल सर्जन डॉ। चंद्रभानू प्रतापन ने बताया कि अभियान के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा हेल्थ सब सेंटर, सदर अस्पताल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल व धनबाद रेलवे स्टेशन पर लोगों को दवा खिलाई जाएगी।

बैठक में डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ। अमित तिवारी, एचओडी पीएसएम डॉ। रवि रंजन, वीबीडी पदाधिकारी डॉ। सुनील कुमार, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह मौजूद थे।

## सुभाषितम्

शत्रु का लोहा भले ही गर्म हो जाए, पर हथौड़ा तो ठंडा रहकर ही काम, दे सकता है। - सरदार पटेल

## बड़बोले ट्रंप को चीन और मेक्सिको ने दिखाया आईना

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी** राजनीतिक शैली, बड़बोले स्वभाव और विवादास्पद फैसलों के लिए जाने जाते हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद उनके कठोर और आक्रामक नीतिगत फैसलों ने वैश्विक मंच पर एक बड़ी अस्थिरता पैदा कर दी है। अमेरिका की साख पर भी सवाल खड़े हो गये हैं। शपथ ग्रहण के कुछ ही दिनों के अंदर मेक्सिको और चीन जैसे देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप की एकतरफा नीतियों को सीधे चुनौती देकर यह जता दिया है, कि आज की वैश्विक राजनीति में शक्ति-प्रदर्शन और धमकियों की एक सीमा है। यदि इस सीमा और शक्ति का दुरुपयोग किया जाएगा, तो जवाब मिलना तय है। मेक्सिको ने अमेरिकी सैन्य विमान को अपने देश में उतरने की अनुमति ना देकर ट्रंप की डिपोर्टेशन नीति को बड़ा झटका दे दिया है। यह कदम मेक्सिको की संप्रभुता की रक्षा के लिए लिया गया एक साहसिक निर्णय है। ट्रंप प्रशासन ने अवैध अप्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने के लिए जिस तरह का दमनकारी रुख अपनाया, वह मेक्सिको समेत कई देशों को अस्वीकार्य लगा। मेक्सिको का यह फैसला ट्रंप की विदेश नीति की विफलता को उजागर करता है। कमजोर समझे जाने वाले देश अपनी संप्रभुता और स्वाभिमान के लिए दृढ़ रह सकते हैं। इसका पुरजोर जवाब भी दे सकते हैं। इसी तरह से चीन ने ट्रंप प्रशासन को ढंग से रहिए जैसी सख्त भाषा का इस्तेमाल कर कड़ा संदेश दे दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप चीन को लेकर जिस तरह के बयान दे रहे थे, उससे लगता था, चीन अमेरिका का गुलाम है। राष्ट्रपति ट्रंप की भाषा गुंडों जैसी थी। उसी भाषा में चीन ने जवाब दे दिया। चीन प्रशासन का यह बयान अमेरिका-चीन संबंधों में बढ़ते तनाव का कारण बन रहा है। ट्रंप के व्यापारिक दबाव और मानवाधिकार पर आधारित आलोचनात्मक रुख को चीन ने खारिज कर दिया है। स्पष्ट है कि चीन, अमेरिका की दादागीरी के आगे झुकने के स्थान पर मुकाबला करने के लिए तैयार है। आज चीन का सस्ता सामान दुनिया भर में निर्यात हो रहा है। अमेरिका से ज्यादा देशों के चीन के साथ व्यापारिक, सामरिक एवं कारोबारी संबंध हैं। चीन और मेक्सिको ने अमेरिका को जवाब देकर यह स्पष्ट कर दिया है, वे अमेरिका से डरने वाले नहीं हैं। वैश्विक संबंध केवल शक्ति-प्रदर्शन या धमकियों पर आधारित नहीं रह सकते। एक राजा को दूसरे राजा के साथ किस तरह का व्यवहार करना चाहिए। यह अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को सीखना होगा। हर देश अपनी संप्रभुता और सम्मान के लिए लड़ने को तैयार है। ट्रंप का मानना है, कि उनकी आक्रामक नीतियां विश्व को अमेरिका के सामने झुकने पर मजबूर कर देंगी, इन दो घटनाओं से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को सबक लेना चाहिए। भारत को चीन और मेक्सिको देशों से इन परिस्थितियों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मेक्सिको और चीन ने साबित किया है, कूटनीति में आत्मसम्मान और दृढ़ता का होना आवश्यक है। बिना इसके कोई भी राष्ट्र सुरक्षित नहीं हो सकता है। झुकाकर या दबाकर रिश्ते कायम नहीं रखे जा सकते हैं। यह समय है, भारत अपने स्वाभिमान को प्राथमिकता देते हुए वैश्विक मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा हो। केवल विश्व गुरु कह देने से बात बनने वाली नहीं है। विश्व गुरु बनने के लिए सशक्त विचार और मुकाबला करने की ताकत भी महत्वपूर्ण है। 1971 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अमेरिका का जिस तरह से मुकाबला किया था। उससे अमेरिका और अन्य शक्तिशाली राष्ट्र भी हतप्रभ थे। 1980 के बाद अमेरिका जैसे राष्ट्र को भारत के साथ अपने संबंध सुधारने पड़े। तत्कालीन राष्ट्रपति रीगन को इंदिरा गांधी का सम्मान करने के लिए स्वयं उनकी कार तक आना पड़ा था। सम्मान उन्हीं को मिलता है, जो अपने कार्यों से सामने वाले को प्रभावित करते हैं। झुकने और समझौता करने वालों को कभी कोई सम्मान नहीं मिलता है। यह दुनिया का इतिहास है।

## चिंतन-मनन

### अहंकार त्यागने वाले ही महापुरूष होते हैं

**बहुत से लोग दिन-रात प्रयास करते हैं कि** उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं। महाभारत में कथा है कि दुर्योधन के उत्तम भोजन के आग्रह को ठुकरा कर भगवान श्री कृष्ण ने महात्मा विदुर के घर साग खाया। भगवान श्री कृष्ण के पास भला किस चीज की कमी थी। अगर उनमें अहंकार होता तो विदुर के घर साग खाने की बजाय दुर्योधन के महल में उत्तम भोजन ग्रहण करते लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा नहीं किया। भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाये जबकि लक्ष्मण जी ने जूठे बेर फेंक दिये। यहीं पर राम भगवान की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उनमें भक्त के प्रति अगाध प्रेम है, वह भक्त की भावना को समझते हैं और उसी से तृप्त हो जाते हैं। अहंकार उन्हें नहीं छूता है, वह ऊंच-नीच, जूठा भोजन एवं छप्पन भोग में कोई भेद नहीं करते। शास्त्रों में भगवान का यही स्वभाव और गुण बताया गया है। महात्मा बुद्ध से संबंधित एक कथा है कि एक बार महात्मा बुद्ध किसी गांव में प्रवचन दे रहे थे। एक कृषक को उपदेश सुनने की बड़ी इच्छा हुई लेकिन उसी दिन उसका बैल खो गया था। इसलिए वह महात्मा बुद्ध के चरण छू कर सभा से वापस बैल ढूंढने चला गया।

# नगर निगमो में कांग्रेस की हार के पीछे बूथ स्तर पर तैयारी न होना प्रमुख कारण रहा !

डॉ श्रीगोपाल नारसन

**नगर निगमो में कांग्रेस की** हार के पीछे बूथ स्तर पर तैयारी न होना प्रमुख है,वही टिकट भी सोच समझकर नही दिए गए।रुड़की में तो 40 पार्षद सीटों में से सिर्फ 22 पर ही कांग्रेस लड़ पाई,मेयर प्रत्याशी पूजा गुप्ता के प्रति लोगो का रुझान बन ही रहा था कि कांग्रेस के सहारनपुर सांसद इमरान मसूद की जनसभा के वीडियो ने कांग्रेस की ओर झुक रहे वोटरों को नाराज कर दिया,वही मुस्लिम वोटर भी कांग्रेस व निर्दलीय के बीच बट गए। उत्तराखंड के 11 नगर निगमों में भाजपा के 10 मेयर बन गए है, जबकि सीट पर निर्दलीय कामयाब रहा है।जिनमे अल्मोड़ा में भाजपा के अजय वर्मा,हल्द्वानी से भाजपा के गजराज बिष्ट,पिथौरागढ़ में भाजपा की कल्पना देवलाल, देहरादून में भाजपा के सौरव थपलियाल,कोटद्वार में भाजपा के शैलेंद्र सिंह रावत ,रुद्रपुर से भाजपा के विकास शर्मा ऋषिकेश से भाजपा के शंभू पासवान, काशीपुर से भाजपा के दीपक बाली, रुड़की से भाजपा की अनिता देवी अग्रवाल, हरिद्वार से भाजपा की किरण जैसल तथाश्रीनगर में निर्दलीय आरती भंडारी विजयी रहे है। गढ़वाल के पांच जिलों की नगर पालिकाओं में निर्दलीयों का जलवा रहा। 16 नगर पालिका सीटों में से निर्दलीयों ने 8 पर जीत दर्ज की है। वहीं भाजपा पांच और कांग्रेस तीन ही जीत सकी है। नगर पंचायत की चुनावी जंग में भाजपा-कांग्रेस में कड़ा मुकाबला रहा। 21 नगर पंचायत सीटों में से 9 पर भाजपा, 8 पर कांग्रेस और 4 पर निर्दलीयों ने जीत दर्ज की।

चमोली जिले में नगर पालिका की चार सीटों में से दो पर भाजपा और दो पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। जबकि पंचायत की छह सीटों में से चार पर कांग्रेस और दो पर निर्दलीय विजयी रहे। चमोली में कर्णप्रयाग पालिका सीट पर पूर्व विधायक के बेटे गणेश चंद्र शाह ने जीत दर्ज की है।वही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के गृह क्षेत्र पोखरी नगर पंचायत से निर्दलीय सोहनलाल ने जीत दर्ज की है, वहां भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी है। रुद्रप्रयाग नगर पालिका सीट पर भी निर्दलीय ने जीत का परचम लहराया है। पंचायत की चार सीटों में से एक पर निर्दलीय, दो पर भाजपा और एक पर कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है।इसी तरह टिहरी जिले में छह नगर पंचायत और चार नगर पालिका हैं,जिनमें पांच नगर पंचायतों तपोवन, घनसाली, चमियाला, लंबगांव और कीर्तिनगर में भाजपा के उम्मीदवार जीते है,जबकि गजा में निर्दलीय ने जीत दर्ज की है। नगर पालिका नई टिहरी और मुनिकीरेती में भी निर्दलीयों का कब्जा रहा, जबकि चंबा में भाजपा जीत गई है।वही देवप्रयाग में भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत चुकी हैउत्तरकाशी जिले में गंगोत्री नगर पंचायत में चुनाव नहीं होते हैं, यहां प्रशासक रहता है। वहीं नौगांव में भाजपा चुनाव जीत गई है। चार नगर पालिकाओं में बाड़ाहाट, चिन्यालीसौड़, बड़कोट में निर्दलीय और पुरोला में कांग्रेस जीती है।पौड़ी के सात निकायों में पांच सीटों पर कांग्रेस व निर्दलीयों का दबदबा बना है।जबकि नगर पालिका पौड़ी व दुगड्डा पर निर्दलीय जीते है। सतपुली नगर पंचायत और स्वर्गाश्रम जोंक नगर पंचायत पर कांग्रेस काबिज हुई है। वहीं श्रीनगर के कीर्तिनगर नगर पंचायत में भाजपा और देवप्रयाग नगर पालिका में भी भाजपा की ममता देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई है।वही थलीसैंण नगर पंचायत से कांग्रेस जीत गई है। उत्तराखंड राज्य में 11 नगर निगम, 46 नगर पालिका और 43 नगर पंचायतों के साथ ही निगम पार्षद के 540, नगर पालिकाओं में सभासद के 444 और नगर पंचायतों में वार्ड सदस्य के 298 पदों पर चुनाव की मतगणना हुई है। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहा है। लेकिन निगम से लेकर पार्षद तक कई जगहों पर निर्दलीयो ने भी झंडा बुलंद किया हैं।मसूरी नगर पालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मीरा सकलानी चुनाव जीत गई है। नगर पंचायत गुप्तकाशी की पहली अध्यक्ष विश्वेशरी देवी बन गई है। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी कुब्जा धर्म्वाण नगर पंचायत ऊखीमठ से विजयी रहे है। उधम सिंहनगर के गूलरभोज नगर पंचायत में निर्दलीय प्रत्याशी सतीश चुग ने 1022 वोटो से जीत दर्ज की है।वही सीमांत जनपद चमोली से भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया है।इस जनपद में चार नगर पालिकाओं समेत 6 नगर पंचायतों में से भारतीय जनता पार्टी सिर्फ दो सीट हासिल कर पाई जबकि कांग्रेस ने 6 और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी दो सीट हासिल की है। आपदा के जख्मों से उभर रहे ज्योर्तिमठ नगर में चुनाव प्रचार जनसभा और रोड शो करने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अनिल बलूनी का जादू भी फेल हो गया है। हरिद्वार नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी किरण जैसल ने मेयर पद पर कब्जा कर लिया है।उन्हें 72741 वोट मिले हैं।भाजपा के हाथों कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश देवी बालियान को करारी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा प्रत्याशी किरण जैसल ने कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश देवी बालियान को 28555 वोटों से हराया है। जबकि हरिद्वार नगर निगम के पार्षदों में वार्ड नंबर 1 से भाजपा के आकाश भाटी ,वार्ड नंबर 2 से भाजपा की सुनीता देवी ,वार्ड नंबर 3 से भाजपा से सूर्यकांत शर्मा, वार्ड नंबर 4 कांग्रेस के महावीर वशिष्ठ, वार्ड नंबर 5 से भाजपा से अनिल वशिष्ठ, वार्ड नंबर 6 से भाजपा से सुमित चौधरी, वार्ड नं 7 भाजपा से श्रुति खेवरिया, वार्ड नंबर 8कांग्रेस से हिमांशु गुप्ता, वार्ड नंबर 9 कांग्रेस से सोहित सेठी, वार्ड 10 भाजपा से सचिन कुमार, वार्ड 11 भाजपा से दीपक शर्मा, वार्ड 12 भाजपा से इष्ट देव सोनी ,वार्ड 13 भाजपा से मंजू रावत ,वार्ड 15 कांग्रेस से विकी भूषण ,वार्ड नंबर 16 भाजपा से निशा नौडियाल से,वार्ड नंबर 17 भाजपा से रानी देवी ,वार्ड नंबर 18 भाजपा से ममता नेगी ,वार्ड नंबर 19 भाजपा से मोनिका सैनी,वार्ड नंबर 20 भाजपा से राजेश शर्मा ,वार्ड नंबर 21 भाजपा से पिंकी चौधरी ,वार्ड नंबर 22 भाजपा से सपना शर्मा ,

वार्ड 23 भाजपा से आशी भारद्वाज ,वार्ड 24 भाजपा से परमजीत गिल ,वार्ड 25 भाजपा से एकता गुप्ता,वार्ड 26 भाजपा से शुभम मंडोला ,वार्ड 27 भाजपा से सुनील अग्रवाल ,वार्ड नंबर 28 भाजपा से मुकुल परासर ,वार्ड नंबर 29 भाजपा से प्रशांत सैनी ,वार्ड नंबर 30 भाजपा से सचिन अग्रवाल, वार्ड नंबर 31 भाजपा से भूपेंद्र कुमार ,वार्ड नंबर 32 भाजपा से अनुज सिंह ,वार्ड नंबर 34 भाजपा से निशा देवी, वार्ड नंबर 36 भाजपा से मोनिका गिहार व वार्ड नंबर 37 में कांग्रेस से नोमान अंसारी जीते है।

रुड़की नगर निगम में भी भाजपा प्रत्याशी अनीता देवी अग्रवाल ने 2,851 वोटों से जीत हासिल की है।यहां कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही है,जबकि, दूसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी श्रेष्ठा राणा रही हैं। रुड़की नगर निगम में भाजपा की जीत ने रुड़की में निर्दलीय जीत का भी मिथक तोड़ा है। पिछले कई चुनाव में रुड़की में ज्यादातर निर्दलीय प्रत्याशी ही जीतते रहे है, लेकिन इस बार यह मिथक टूट गया है और बीजेपी प्रत्याशी की प्रचंड जीत हुई है। बीजेपी प्रत्याशी अनीता देवी अग्रवाल को 35,008 वोट मिले है, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी श्रेष्ठा राणा को 32,157 मत पड़े है। वहीं,कांग्रेस प्रत्याशी पूजा गुप्ता को 18,417 वोट मिले है।वही भगवानपुर नगर पंचायत सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुलबहार ने जीत दर्ज की है। इमलीखेड़ा नगर पंचायत सीट पर निर्दलीय मनोज सैनी ने जीत का परचम लहराया है। झबरेड़ा नगर पंचायत सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी किरण चौधरी ने अपने ही देवर भाजपा के मानवेन्द्र सिंह को हराया। पाडली गुर्जर, मंगलौर गैरसेंण, माजरा घनसाली, रानीखेत, द्वारहाट, जोशीमठ, भिकियासेन, धारचूला डीडीहाटबेरीनाग, उत्तरकाशी, भवाली भीमताल, नैनीताल, :सतपुली, पुरोला, बाजपुर सीटो पर कांग्रेस ने जीत दर्ज कर अपनी ताकत का एहसास कराया है।

# भारत कब स्वाधीन हुआ

राम पुनियानी

**सांसद और बॉलीवुड कलाकार** कंगना रनौत ने भारत की स्वतंत्रता के संबंध में अपनी समझ को पहली बार तब जाहिर किया था जब उन्होंने हमें बताया था कि भारत दरअसल 2014 में तब स्वतंत्र हुआ जब मोदी जी ने देश की सत्ता संभाली। 2014 में पहली बार भाजपा को अपने दम पर लोकसभा में बहुमत हासिल हुआ था। इस टिप्पणी का क्या अर्थ था? इसका अर्थ यह था कि 2014 से पहले तक भारत एक गुलाम देश था। या तो वह विदेशी शासकों का गुलाम था या ऐसी सरकारों का जो धर्मनिरपेक्ष और प्रजातांत्रिक मूल्यों की पैरोकार थीं। कंगना रनौत का मतलब था कि मोदी सरकार के आते ही हिन्दू राष्ट्रवाद का देश में बोलबाला हो गया और यही भारत की असली आजादी थी। एक अन्य फिल्म कलाकार विक्रांत मैसी ने हाल में यही बात दोहराते हुए कहा कि भारत को आजादी सन 2015 में हासिल हुई जब हमें अपनी हिन्दू पहचान को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता मिली। अब आरएसएस के मुखिया मोहन भागवत ने देश के असली स्वतंत्रता हासिल करने की एक नई तारीख घोषित कर दी है। मध्यप्रदेश के इंदौर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत को 22 जनवरी 2024 को आजादी मिली थी। उन्होंने कहा कि इस दिन को प्रतिष्ठा द्वादशी व भारत के असली स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को कई सदियों तक विदेशी हमलों का सामना करना पड़ा और इन हमलों से उसे 22 जनवरी 2024 को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान राम, कृष्ण और शिव के आदर्श और जीवनमूल्य भारत के स्व का हिस्सा हैं और ऐसा नहीं है कि ये केवल उन लोगों के देव हैं जो उनकी आराधना करते हैं। भागवत ने आगे बताया कि बाहरी हमलावरों ने देश के मंदिरों को नष्ट किया ताकि भारत का स्व मर जाए। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को हमारी सारी सामाजिक समस्याओं का हल बताते हुए भागवत ने कहा कि मैं लोगों से पूछता हूँ कि 1947 में स्वतंत्रता हासिल करने के बाद से ही हमने समाजवाद की बात कही, हमने गरीबी हटाओ का नारा दिया, हम लगातार यह कहते रहे कि हमें लोगों की आजीविका की चिंता है। मगर इस सब के बाद भी 1980 के दशक में भारत कहाँ था और इजराईल और जापान जैसे देश कहाँ पहुंच गए थे। आरएसएस के मुखिया ने यह भी कहा कि वे ऐसे लोगों से कहा करते थे कि उन्हें यह याद रखना चाहिए कि खुशहाली और रोजगार का रास्ता भी राम मंदिर से होकर जाता है।

भागवत तो कंगना रनौत और विक्रांत मैसी से एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। वे बाबरी मस्जिद को ढहाने के अपराध को औचित्यपूर्ण ठहराना चाहते हैं। वे इस देश की विविध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को दरकिनार कर केवल भगवान राम को देश का एकमात्र सांस्कृतिक प्रतीक साबित करना चाहते हैं। हिन्दू धर्म में भी शिव, कृष्ण और काली जैसे अन्य देवी-देवता हैं। फिर हमें भगवान महावीर, गौतम बुद्ध, नानक और कबीर की परंपराओं को भी याद रखना होगा। वे भी उस विशाल कैनवास का हिस्सा हैं जिसे हम भारत कहते हैं। जेनेटिक अध्ययनों से यह साफ है कि आर्य भी बाहर से भारत आए थे और उनके आने से पहले इस भूमि पर अन्य लोग रहते थे। भारत में आने वाले अलग-अलग नस्लों और क्षेत्रों के लोगों को केवल आक्रांता बताना ठीक नहीं है। चोल राजा श्रीलंका पर राज करते थे। सिकंदर ने भी भारत को जीतने की कोशिश की थी। शक, हूण, खिलजी और मुगल - ये सभी भारतीय उपमहाद्वीप का हिस्सा थे। इन सब को सम्प्रदायवादी हमारी सभ्यता पर हमला करने वालों के रूप में देखते हैं। जबकि भारत की स्वाधीनता के लिए लड़ने वाले इस ऐतिहासिक प्रक्रिया को विविध लोगों का एक दूसरे के साथ घुलमिल जाना मानते थे। वे यह भी मानते थे कि इसी कारण भारत की नींव विविधताओं से भरी हुई है। जवाहरलाल नेहरू ने इस स्थिति का बहुत सारगर्भित वर्णन किया है। उन्होंने भारत को एक ऐसी प्राचीन स्लेट बताया है जिस पर एक के बाद एक कई परतों में विचार और आकांक्षाएं दर्ज किए गए। मगर कोई भी परत न तो पिछली परतों को पूरी तरह ढंक सकी और न ही उनमें लिखे को मिटा सकी।

आरएसएस के मुखिया के अनुसार आक्रांता मंदिरों को गिराकर हमारी आत्मा को कुचलना चाहते थे। मध्यकालीन भारत और देश के प्राचीन इतिहास के अंतिम दौर में मंदिरों को केवल सत्ता और दौलत के लिए ढहाया गया। इसके पहले ब्राह्मणवाद के चलते जैन और बौद्ध आराधना स्थलों को ढहाया गया था। इसलिए मंदिरों को गिराने के लिए केवल मुस्लिम शासकों का दानवीकरण करना उचित नहीं है। मगर मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के लिए कई तरह के मिथक गढ़ लिए गए हैं, जिनका सच से कोई लेना-देना नहीं है। इस संदर्भ में दो उदाहरण पर्याप्त होंगे। जहां औरंगजेब ने करीब 12 मंदिरों को गिराया वहीं उसने सैंकड़ों हिन्दू मंदिरों को दान भी दिया और कश्मीर के 11वीं सदी के शासक राजा हर्षदेव के दरबार में एक अधिकारी का काम केवल यह था कि वो मंदिरों की मूर्तियां उखाड़कर उनके नीचे जमा सोने और हीरे-जवाहरात के खजाने को खोद निकाले।

भागवत और उनके जैसे अन्य लोग भारत को एक संकीर्ण ब्राह्मणवादी नजरिए से देखते हैं। भारत को एक राष्ट्र का स्वरूप ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में मिला। केवल यही वह काल था जिसे हम भारत की गुलामी का दौर कह सकते हैं। उसके पहले जो आक्रांता यहां आए वे यहीं बस गए और देश के सांस्कृतिक जीवन का अंग बन गए। उनकी पीढ़ियां भारत की धरती पर ही दफन हैं। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति के चलते यह प्रचार किया गया कि हमलावरों ने भारत को लूटा और मंदिरों को नष्ट किया। अंग्रेजों के पहले के भारतीय शासक देश की संपत्ति को बाहर नहीं ले गए।

## मोहन की भगवत का नया अध्याय बंधु भाव

राकेश अचल

**मेरी समझ में आजतक नहीं** आया कि ये देश किसकी बात पर भरोसा करे, आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भगवत की बात पर या प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दस मोदी की बात पर दोनों के सुर हर दिन बदल जाते हैं ,ठीक मौसम की तरह। संघ प्रमुख डॉ मोहन भगवत ने गणतंत्र दिवस पर कह दिया कि असली धर्म बंधु भाव है। अर्थात सनातन या हिन्दू धर्म असली धर्म नहीं रहा ,जिसके लिए ममता कुलकर्णी ने सन्यास लिया और महामंडलेश्वर बनीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के ठाणे में भिवंडी के एक महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में तिरंगा फहराने के बाद कहा कि - बंधुभाव ही असली धर्म है। उन्होंने कहा कि यह बात डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान देते समय अपने भाषण में भी समझाई है।भागवत ने कहा- समाज आपसी सद्भावना के आधार पर काम करता है। इसलिए मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रकृति भी हमें विविधता देती है। विविधता के कारण भारत के बाहर संघर्ष हो रहे हैं। हम इसे जीवन का हिस्सा मानते हैं।उन्होंने कहा कि आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं, लेकिन आपको एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अगर आप जीना चाहते हैं, तो आपको एक साथ रहना चाहिए। मेरी समझ में ये नहीं आता कि जो बात डॉ भागवत देश को समझा रहे हैं वो ही बात वे संघ दीक्षित भाजपा नेताओं और पार्टी कार्यकताओं कि साथ असंघी योगी आदित्यनाथ को क्यों नहीं समझाते? योगी ही हैं जिन्होंने देश कि हिन्दुओं को बँटोगे तो कटोगे का सनातन सूत्र दिया है।ये नारा तो बंधु भाव की सोच से मेल ही नहीं खाता। संघ का कोई नारा भाजपा के नारों से मेल नहीं खाता। क्या दोनों में सचमुच कोई तालमेल है ही नहीं या ये सब एकसाजिश है कि -एक आग लगाए और दूसरा आग पर पानी डालने का अभिनय करे। आपको याद होगा कि पिछले दिनों डॉ भागवत ने देशवासियों से असली आजादी 22 जनवरी को मनाने का आव्हान किया था। 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह था। भागवत धर्मांतरण ,मस्जिदों की खुदाई और मुसलमान तथा ईसाइयों को आंतरिक दुश्मन माने जाने पर अंतर्विरोधी ब्यान दे चुके हैं। उनके बयानों से उनके ही जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज तक विरोध जता चुके हैं। वे कभी डीप स्टेट, वोकिजम और कलचरल मार्क्सिस्ट को सांस्कृतिक परम्पराओं के घोषित शत्रु कहते हैं। तो कभी बांग्लादेश में हुए हिंदुओं पर अत्याचार का भी मुद्दा उठाते हुए कहते हैं कि दुर्बल रहना अपराध है, इसलिए हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत है। मेरी समझ में ये नहीं आता की डॉ भागवत किसी सांस्कृतिक -सामाजिक संगठन के मुखिया हैं या किसी राजनीतिक संगठन के। आपकी समझ में आता हो तो मुझे भी बताइये। मुझे लगता है कि डॉ भागवत के विवादास्पद और अंतर्विरोधी भाषण सुन-सुनकर अब शाखामृग और भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता और नेता भी दिग्भर्मित हो गए हैं। वे समझ नहीं पा रहे हैं है कि उन्हें बंधु भाव के लिए काम करना है या हिंदुत्व भाव के लिए।

## आज का राशिफल

**मेष** आज नया वर्ष के प्रथम दिन जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होने से करियर के लिए हौसला मिलेगा।

**तुला** आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। बाहर जाते समय सर्तकता बरते।

**वृषभ** आज राजनीति के क्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। सरकार और सत्ता का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** दिन आपके बिजनेस के नाम रहेगा। परिवार के साथ सामाजिक कार्यो में व्यस्त रहेंगे।

**मिथुन** आज व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा।

**धनु** आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

**कर्क** आज नए साल आरंभ पर कोई उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। करियर के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**मकर** आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। करियर के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास होंगे।

**सिंह** सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। नए साल पर किसी मनोरंजक स्थान पर जाने का मौका मिलेगा।

**कुंभ** आपको आंशिक सफलता ही मिल पाएगी। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है।

**कन्या** आज बुध सुख की वृद्धि कर रहा हैं। नए साल में परिवार के साथ मौज मस्ती करेंगे।

**मीन** कुछ चिताएं होंगी। बिजनेस के मामले में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा।

## विशेष

### विश्व गुरु कौन ट्रंप या मोदी?

**20 जनवरी को अमेरिका के** नए राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ले ली है। उनके शपथ लेने के बाद से दुनिया के सभी देशों में हड़कम्प मचा हुआ है। अमेरिका भी इससे अछूता नहीं है। ट्रंप अब सारी दुनिया में राज करने की इच्छा शक्ति लेकर आए हैं। एक चुनाव हारने के बाद उन्हें दोबारा अमेरिका की सत्ता मिली है। इस बार वह पिछले सभी हिसाब किताब पूरा करने की बिसात बिछा रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आप को विश्व गुरु बताते थे। डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को विश्व गुरु साबित करने के लिए नरेंद्र मोदी के सामने आकर खड़े हो गए हैं। जिस तरह से 10 साल से नरेंद्र मोदी भारत की सत्ता चला रहे हैं। उससे प्रेरणा लेते हुए, ट्रंप ने मस्क को अपने साथ ले लिया है। हिटलर को ट्रंप ने अपना गुरु मान लिया है। हिटलर के बाद ना कोई हुआ है,ना कोई होगा। विश्व गुरु बनने के लिए हिटलर जैसा तो होना ही पड़ेगा। कुछ ही दिनों में उनके हिटलर जैसे हाव भाव ने सारी दुनिया के देशों को चौंका दिया है।

### दिल्ली मे नहीं चलेगी किसी की दादागिरी

**दिल्ली विधानसभा के** चुनाव हो रहे हैं। इस बार यह चुनाव चुनावी पंडितों के लिएदिल्ली विधानसभा के चुनाव चुनौती साबित हो रहे हैं। भाजपा अपने पारंपरिक वोटों पर भरोसा कर रही है। पूर्वांचल को लेकर बहुत सारी राजनीति हुई। केजरीवाल को लग रहा है, पूर्वांचल के लोग उन्हें सहयोग करेंगे। कांग्रेस दलित और मुसलमानो के सहारे यह मानकर चल रही है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस चमत्कार दिखाएगी। पिछले तीन चुनाव में कांग्रेस ने शीला दीक्षित का नाम नहीं लिया था।

## कार्टून कोना

उद्धव ठाकरे की पार्टी में फिर हो सकती है टूट, शिवसेना के स्थापना दिवस समारोह में नहीं पहुंचे कई विधायक




### आज का इतिहास

1556 मुगल शासक हुमायूं की मौत हुई. 1865 लाला लाजपतराय का जन्म. 1909 सेना के प्रथम भारतीय सेनाध्यक्ष के.एम.कारियप्पा का जन्म. 1909 क्यूबा पर से अमरीका का नियंत्रण समाप्त हुआ था. 1932 जापानी फोजों ने शंघाई (चीन) पर कब्जा किया. 1939 आयरिश कवि विलियम बटलर योटस का निधन. 1943 एडोल्फ हिटलर ने जर्मनी के सभी युवकों को फौज में जबरन भर्ती का आदेश दिया. 1945 अमरीकी ट्रकों का काफिला बर्मा रोड से पहली बार गुजरा. 1950 न्यायाधीश हीरालाल कानिया ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद संभाला. 1962 अमरीकी अंतरिक्ष यान चांद पर पहुंचने से असफल रहा. 1964 दक्षिणी रोडेशिया में दंगे भड़के. 1986 कैप कैनवरल फ्लोरिडा से उड़ान भरने के बाद अमरीकी अंतरिक्ष शटल चेलेंजर में विस्फोट हुआ और सभी सात अंतरिक्ष यात्री मारे गए. 1992 अल्जीरिया में तीन दशक तक सत्ता में रहने के बाद नेशनल लिबरेशन फ्रंट ने इस्तीफा दिया.

## दैनिक पंचांग

28 जनवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




**मंगलवार** 2025 वर्ष का 28 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 19.37 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 08.59 बजे को समाप्त।
**योग** वज्र 23.51 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 08.10 बजे तदनन्तर शकुनि 19.37 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 11'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872238
**जूलियन दिन** 2460703.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रज्जब
**तारीख** 27

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 07.39 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मीन | 09.12 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मेष | 10.43 बजे से |
| बुध | धनु में | वृष | 12.23 बजे से |
| गुरु | वृष में | मिथुन | 14.21 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कर्क | 16.34 बजे से |
| शनि | कुंभ में | सिंह | 18.50 बजे से |
| राहु | मीन में | कन्या | 21.02 बजे से |
| केतु | कन्या में | तुला | 23.13 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 01.28 ब.से |
| 3.00 से 4.30 | | धनु | 03.44 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 05.49 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# बच्चों में बढ़ रहा अकेलापन

**यदि हम स्वयं से एक प्रश्न पूछें कि क्या इस दौर के बच्चों और किशोरों में भावनात्मक अकेलापन बढ़ रहा है? तो जवाब होगा जी हां बिल्कुल! कहने को तो चारों तरफ बहुत हलचल है। ये रफ्तार का जमाना है। लिहाजा बच्चे भी कहीं खत्म न होने वाली एक अनंत दौड़ में शामिल हो गए हैं। स्कूल के घंटे खत्म हुए कि कोचिंग क्लास जाना है। परीक्षा खत्म हुई और लो फिर स्कूल शुरू।**

मस्ती में दिन गुजारने वाली छुटियां अतीत की बात हो गई। आज का बच्चा तो रथों की रेस का घोड़ा है जो हर दम जुता हुआ है। उसकी वल्गाएं अभिभावकों, शिक्षकों और उन शिक्षाविदों के हाथ में है जिन्होंने आज के बच्चों की जिंदगी में छुट्टी का पीरियड ही नहीं बनाया। बच्चे अपने दोस्त और सहेलियां पहले भी बनाते थे और अब भी बनाते हैं। आज भी उनका कोई एक मित्र होता है जो घनिष्ठ मित्र होता है या दो-तीन मित्रों का ऐसा समूह होता है जो एक दूसरे को समझते, जानते, चाहते हैं। मगर पढ़ाई का बोझ, कुछ कर गुजरने और शीर्ष पर रहने की अपेक्षाओं का बोझ दोस्तों से इनकी भावनात्मक निकटता को फलने-फूलने का समय नहीं देता। इनका समय एक दूसरे से नोट्स का आदान-प्रदान करने में जितना जाता है उतना समय वे एक-दूसरे से मन की बात करने में नहीं निकाल पाते। संयुक्त परिवार टूट गए हैं। अब घर पर भी बच्चे समूह में नहीं रहते। पिछले बीस वर्षों में जमाना इतना बदला है कि अक्सर पढ़े-लिखे माता-पिता का भी अपने बच्चों से स्पष्ट जनरेशन गैप होता है। अतः किशोर माता-पिता से मन की बात नहीं कह पाते। उन्हें पता है कि वे और माता-पिता संस्कारों के दो अलग छोरों पर खड़े हैं अतः उन्होंने मन की बात कह भी दी तो मां-बाप पचा नहीं पाएंगे। आज के किशोरों की दोस्ती वर्चुअल माध्यम पर भी चलती रहती है। बच्चे पर अच्छी प्रोफाईल बनाने और अच्छा स्टेटस डालने का भी दबाव रहता है। आज का बच्चा 'पीयर प्रेशर' में ही बहुत से काम करता है। उसे दोस्तों को दिखाना, मां-बाप की अपेक्षाएं पूरी करनी है, उपभोक्ता संस्कृति के अनुरूप जीवन जीना है। आज बचपन और किशोरावस्था जटिलताओं से भर गए हैं। लिहाजा हर दूसरे-चौथे दिन किसी किशोर अथवा किशोरी द्वारा आत्महत्या कर लेने की खबरें आती हैं। ये खबरें बाकी माता-पिता, शिक्षकों और समाज के लिए खतरे की घंटी होना चाहिए ताकि वे यह सोचें कि बच्चे के लिए कैरियर के जितनी ही महत्वपूर्ण परिवार से मिलने वाली भावनात्मक सुरक्षा, प्यार और हर हाल में अपनाए जाने का विश्वास भी है। कभी भी बच्चों को यह ताने नहीं मिलना चाहिए कि देखो हम तुम्हारे लिए कितना करते हैं और तुम हो कि अच्छा रिजल्ट नहीं लाते। बच्चों को बार-बार यह एहसास दिलाना उनमें ग्लानि भाव पैदा करता है और जो अंततः अवसाद में भी परिणित हो सकता है।



# आर्थिक प्रबंधन में रखें पूरी भागीदारी

**बदलते वक्त के साथ अब महिलाओं को आर्थिक प्रबंधन में भी पूरी भागीदारी रखनी चाहिए। गृहिणी हों या कामकाजी, दोनों ही स्थितियों में यह ज़रूरी है कि स्त्रियां अपने वित्तीय पक्ष को मज़बूत करें।**

## खुद को जानकार बनाएं

सबसे पहले वित्तीय फैसलों में अपनी जानकारी बढ़ाएं। वित्त संबंधी किताबों, ख़बरों और ऑनलाइन विशेषज्ञों की मदद से जानकारी इकट्ठी करें।

## बजट प्रबंधन में भाग लें

परिजनों के मध्य आर्थिक और वित्तीय पहलुओं की चर्चा में शामिल रहें। बच्चों की उच्च शिक्षा, शादी-विवाह और घरेलू व्यय आदि, ये कुछ ऐसे बड़े ख़र्चे हैं, जिनके लिए धन जुटाने के लिए आपकी भी सहमति और सहयोग आवश्यक है। ध्यान रखें कि चर्चा से आप बेहतर विकल्प खोज सकती हैं और आर्थिक आपदा को भी लाभ के अवसर में बदल सकती हैं।

## बजट बनाएं, अमल करें

वित्तीय प्रबंधन की पहली सीढ़ी है, अपने आय-व्यय का ब्योरा रखना अर्थात बजट बनाना। बजट बनाने के बाद उस पर अमल करना भी ज़रूरी है। एक कहावत है कि 'तेते पांव पसारिए, जेती लांबी सौर' अर्थात आय के अनुसार ही ख़र्चों को सीमित करें। यदि अतिरिक्त ख़र्च अपरिहार्य हैं, तो उन्हें पूरा करने के लिए सुलभ विकल्पों पर विचार करें।

## आकस्मिक कोष बनाएं

मुसीबत कभी कहकर नहीं आती। अनपेक्षित आने वाले ख़र्चों के लिए एक आकस्मिक कोष का निर्माण करें। इससे आप कठिन परिस्थितियों में भी अपनी आर्थिक ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकेंगी। इसके लिए एकमुश्त अथवा धीरे-धीरे धन जमा करें और उसे एक अलग बैंक खाते में रखें।

## बचत भी आय है

कई गृहिणियां यह कहती हैं कि उनकी कोई आय नहीं है। वास्तव में बचत भी आय का एक स्वरूप है। छोटी-छोटी बचत लंबे समय में एक अच्छा कोष एकत्र करने में आपकी मदद कर सकती हैं।






# भूख लगने पर शिशु देता है कुछ ऐसे संकेत

शिशु बोलकर आपको अपनी बात या जरूरत नहीं समझा सकता है इसलिए इतने छोटे बच्चे की बात आपको ही समझनी पड़ती है। बड़े बच्चों को जब भी भूख लगती है, वो बोलकर आपको बता देते हैं लेकिन नन्हे शिशु की बात और जरूरत को समझना मुश्किल होता है क्योंकि ये सिर्फ रोकर ही अपनी बात कहते हैं और अभी इन्होंने बोलना शुरू नहीं किया होता है। नवजात शिशु बोलकर अपनी बात नहीं की सकता है लेकिन वो कुछ संकेतों की मदद से आपको अपनी जरूरत के बारे में जरूर बताता है। अब आपको उसकी बात समझनी होगी।

## शिशु से मिलने वाले कॉमन साइन

अगर बच्चा जागा हुआ है और एलर्ट दिख रहा है, तो यह इस बात का साफ संकेत है कि उसे भूख लगी है। आपकी अटेंशन पाने के लिए शिशु अपने शरीर को हिलाता है। वो अपने पैर और हाथ इधर-उधर मारेगा।

## पहली बार पेरेंट बने

अगर आप पहली बार पेरेंट बने हैं, तो शिशु की भाषा को समझना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। शुरुआत में आपको इसमें दिक्कत हो सकती है लेकिन धीरे-धीरे आप सब सीख जाएंगे। शिशु की बात समझने में सबसे ज्यादा दिक्कत आती है कि बच्चे को कब भूख लगी है। अगर आपका बच्चा यहां बताए गए कुछ संकेत दे रहा है, तो समझ लें कि उसे भूख लगी है।

## कैसे समझें शिशु के संकेत

यदि शिशु लगातार अपनी उंगलियों को मुंह में ले रहा है, तो समझ लें कि उसे दूध पीना है। जब बच्चे को बहुत तेज भूख लगती है, तब वो अपना सिर हिलाने लगता है। बेचैन होने पर बच्चा मुंह भी बनाने लगता है। तेज से रोने का भी यही मतलब है कि शिशु को भूख लगी है। भूख लगने का यह सबसे स्पष्ट संकेत होता है।

## दूध पीने के बाद भी रोए तो

नन्हा शिशु रोकर ही अपनी बात कहता है और भूख लगने का सबसे स्पष्ट संकेत भी वो रोकर ही देता है लेकिन कई बार शिशु के रोने की कोई और वजह भी हो सकती है। अगर दूध पीने के बाद भी बच्चा रो रहा है, तो इसके पीछे कोई और कारण हो सकता है। कई शिशु दूध पीने के बाद सोना चाहते हैं इसलिए दूध पिलाने के बाद बच्चे को सुलाने की कोशिश करें।

## शिशु के रोने के कारण

आमतौर पर शिशु दिन में सबसे ज्यादा बार भूख लगने पर ही रोता है। वो रोकर आपको यह बताने की कोशिश करता है कि उसे भूख लगी है और दूध पीना है। लेकिन हर बार या हर रोज शिशु भूख की वजह से ही रो रहा है, ये जरूरी नहीं है। पेट दर्द या गैस की वजह से भी शिशु रो सकता है। कई घंटों तक शिशु के रोने की वजह कोलिक पेन भी हो सकता है। अगर आपको शिशु के रोने की वजह समझ नहीं आ रही है तो एक बार डॉक्टर को दिखा लें।

## डॉक्टर को कब दिखाएं

अगर बच्चा कुछ दिनों से लगातार रोकर भूख लगने का संकेत दे रहा है, तो आपके एक बार पीडियाट्रिशियन को दिखा लेना चाहिए। वहीं अगर शिशु को बहुत ज्यादा नींद आ रही है या दूध पिलाने के लिए हर समय आपको उसे उठाना पड़ता है, तो भी आपको डॉक्टर से चेकअप करवाना चाहिए।

# स्टेनलेस स्टील से जंग हटाने के लिए अपनाएं यह आसान टिप्स

स्टेनलेस स्टील, एक ऐसा मैटीरियल है, जिसका लगभग हर घर में इस्तेमाल होता है। आपको अपने घर की किचन में ही स्टेनलेस स्टील के कई प्रॉडक्ट्स देखने को मिलेंगे और यह केवल बर्तनों तक ही सीमित नहीं है। न केवल रसोई में, बल्कि स्टेनलेस स्टील के कई अन्य महत्वपूर्ण उपयोग भी हैं जैसे कि इसे पानी के नल, कृषि उपकरण और कई चीजों को बनाने में भी इस्तेमाल किया जाता है। स्टेनलेस स्टील के व्यापक उपयोग का एक सबसे बड़ा कारण यह भी है कि इसमें न केवल लागत कम आती है, बल्कि यह जंग के लिए भी प्रतिरोधी है। दरअसल, इसकी सतह पर एक क्रोमियम फिल्म होती है, जिसके कारण यह जंग प्रतिरोधी है। यही कारण है कि स्टेनलेस स्टील पानी और ऑक्सीजन के संपर्क में आने के बाद भी चमकदार रहता है। लेकिन जैसे ही यह क्रोमियम फिल्म स्टेनलेस स्टील की सतह से हटती है, इसमें जंग लगना शुरू हो जाता है। तो चलिए आज हम यहां आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिनके जरिए आप स्टेनलेस स्टील से जंग हटा सकते हैं-

## बेकिंग सोडा का इस्तेमाल

बेकिंग सोडा की मदद से स्टेनलेस स्टील से जंग बेहद आसानी से हटाया जा सकता है। हालांकि इस तरीके को अपनाकर आप छोटे हिस्से से जंग को हटा सकते हैं। इसके लिए आपको 1 चम्मच बेकिंग सोडा 2 कप पानी, एक नरम साफ सूती कपड़ा और एक टूथब्रश की आवश्यकता होगी। इस तरीके को अपनाकर आप सबसे पहले 1 चम्मच बेकिंग सोडा को एक कप पानी में मिलाएं। अब टूथब्रश की मदद से, जंग से प्रभावित हिस्से को रगड़ें। बेकिंग सोडा को नॉन-एब्रेसिव होने के लिए जाना जाता है और इसलिए यह स्टील की सतह से जंग को धीरे से हटा देगा। एक बार जब जंग के दाग साफ हो जाएं तो आप इसे सामान्य पानी से धो सकते हैं और फिर कपड़े की मदद से इसे पोंछें। वहीं अगर एक बड़ा हिस्सा जंग से प्रभावित है तो यह स्टेप्स आपके काम नहीं आएंगे, बल्कि आप इन स्टेप्स को फॉलो करें। इसके लिए आप सबसे पहले सतह को धोएं जैसे कि स्टेनलेस स्टील से बने बड़े कंटेनर को सबसे पहले वॉश करें। सुनिश्चित करें कि आप किसी भी प्रकार के पदार्थ को इससे हटाते हैं। अब स्टेनलेस स्टील उत्पाद के प्रभावित क्षेत्र पर कुछ बेकिंग सोडा छिड़कें। सुनिश्चित करें कि प्रभावित एरिया बेकिंग सोडा के साथ कवर किया गया है। अब इसे 25-30 मिनट तक ऐसे ही रहने दें। अब



आपको बेकिंग सोडा वाले क्षेत्र को स्क्रब करने की आवश्यकता है। इसके लिए आप एक पुराने टूथब्रश का उपयोग कर सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि आपको बहुत अधिक आक्रामकता से नहीं, बल्कि धीरे से रगड़ना है। जब आप स्टील की सतह को छोड़ते हुए जंग को देखते हैं, तो आप इसे सामान्य पानी से धो दें। अंत में, इसे एक सूती कपड़े से पोंछ लें।

## सिरका का इस्तेमाल

यह एक और तरीका है जिसके द्वारा आप स्टेनलेस स्टील से जंग हटा सकते हैं। आपको बस इतना करना होगा कि प्रभावित जगह पर सिरका लगाएं और इसे सूखने दें। फिर आप टूथब्रश की मदद से इस क्षेत्र को धीरे से साफ कर सकते हैं। इसके बाद, आप सतह को सामान्य पानी से धो सकते हैं और कपड़े की मदद से इसे पोंछ सकते हैं। आप देखेंगे कि जंग पूरी तरह से साफ हो गया है।



# बचपन से सही हों खानपान की आदतें

**बच्चों की खानपान की आदतें अब कमोबेश हर घर में चिंता का विषय बनती जा रही हैं। बार-बार कहने पर भी फल-सब्जियां ना खाना और जंक फूड खाने की जिद करना आजकल आम है। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं उनकी यह जिद और खाने की चीजों को लेकर किया जाने वाला चुनाव ज्यादा अजीबो-गरीब होता जाता है। अभिभावक चिंता तो करते हैं पर एक समय के बाद वे चाहकर भी बच्चों की खानपान की आदतें नहीं सुधार सकते। नतीजा यह होता है कि ये छोटी-छोटी आदतें आगे चलकर बीमारी की बुनियाद बन जाती हैं। इसलिए जरूरी है कि वे समय रहते चेतें। बचपन से ही खानपान की आदतों पर ध्यान दें ताकि आगे चलकर बच्चों की सेहत को नुकसान ना पहुंचे ।**

## सही पोषण के बारे में बताएं

आजकल बच्चे जबरदस्ती थोपे जाने से कोई काम नहीं करते। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को जो कुछ भी करने को कहें उस काम के फायदे भी समझाएं। धैर्य और सूझबूझ के साथ उन्हें सही पोषण के बारे में बताएं। साथ ही खाने-पीने की अस्वस्थ आदतों को लेकर होने वाले नुकसानों की भी जानकारी दें। यह चिंता का विषय है कि आजकल कम उम्र में ही बच्चों को कई बीमारियां घेर रही हैं। जिसकी सबसे बड़ी वजह अस्वस्थ जीवनशैली ही है। इस अजब- गजब लाइफस्टाइल में खानपान की बिगड़ी आदतें सबसे अहम हैं। इसलिए बच्चों को सेहतमंद बनाने के लिए उन्हें सही पोषण वाला खाना खाने के लिए समझाइश दें।

बच्चों को स्नैक अटैक जैसी आदतों से बचाएं। जो आजकल आम हो चली हैं। छोटी उम्र में ही उन्हें सही और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद खाने के बारे में जानकारी देना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि बचपन में जो स्वास्थ्य समस्याएं बच्चों को घेर लेती हैं वे जिंदगी भर पीछा नहीं छोड़तीं। इनमें मोटापे जैसी तकलीफ सबसे ऊपर है। अध्ययन बताते हैं कि बचपन में मोटे रहे लोगों में से 50 से 80 फीसदी बड़े होने पर भी मोटापे के शिकार रहते हैं। ध्यान रहे है कि उम्र कोई भी हो मोटापा अपने आप में कई दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ है। हाल ही में आ रही सभी रिपोर्ट्स कमोबेश यही बताती हैं कि दुनिया भर में मोटापे के मामले बढ़ रहे हैं। बच्चे खासतौर पर बढ़ते वजन की समस्या से प्रभावित हो रहे हैं। जाहिर है, इस वजह से कम उम्र में ही सेहत से जुड़ी तमाम परेशानियां भी बढ़ रही हैं।

## कीजिए सेहत के खतरों का जिक्र

बच्चे खुद अपने स्वास्थ्य और सेहत के लिए सजग नहीं हो सकते। ना ही वे खान-पान की गलत आदतों के खतरों को समझ सकते हैं। उनका मासूम मन केवल स्वाद जानता है। इसलिए उन्हें सेहत के लिए खतरा पैदा करने वाली इस राह पर चलने से रोकने का काम मम्मी-पापा को ही करना होता है। इसके लिए आप उन्हें जंक फूड से होने वाले नुकसान प्यार से समझाएं। अगर उन्हें बाहर का खाना ज्यादा पसंद आता है तो घर में ही स्वाद का बदलाव कर कुछ अच्छा बनाकर खिलाएं और घर के खाने के फायदे भी बताएं। उन्हें समझाएं कि घर में बनाया गया खाना साफ-सुथरा और पौष्टिकहोता है जिसके कई सारे लाभ हैं। इसका एक फायदा यह है कि बच्चों में ऐसी आदतों के जड़ें जमाने से पहले ही वे उनसे बाहर आ जाएंगे। विशषज्ञों का मानना है कि खाने की आदतें बच्चों के व्यवहार को भी प्रभावित करती हैं। इतना ही नहीं बिगड़ता खानपान अनियमित दिनचर्या की भी एक बड़ी वजह बनता है। परिणामस्वरूप छोटे-छोटे बच्चों में भी आजकल डायबिटीज जैसी बीमारियां देखने को मिल रही हैं। इस तरह की आदतों का असर कई बार मोटापे या बच्चे के वजन कम होने के रूप में भी सामने आता है। खानपान की आदतें घर परिवार के माहौल के मुताबिक भी बनती हैं। इसलिए पहले घर के बड़े अपनी दिनचर्या और आदतों में बदलाव लाएं।

## हमेशा मनमानी ना करने दें

खानपान की आदतें स्वाद के साथ ही सेहत भी लिए हों, यह जरूरी है। इसलिए मनचाहा खाने की जिद करने वाले बच्चों को हर बार मनमानी ना करने दें। यदि आप घर में ही प्रोसेस्ड फूड लेकर नहीं आएंगे तो बच्चे कम से कम घर में तो बचे ही रहेंगे। बच्चों के खाने की चीजों में हरी सब्जियां और फल जरूर शामिल करें। हमेशा बच्चों की मनमानी को मान लेना सेहत ही नहीं बिगाड़ता बल्कि व्यवहार को भी उग्र बनाता है। कई बार देखने आता है कि कुछ बच्चे खाना नहीं खाने के लिए भी जिद करते हैं। समय रहते सचेत होना जरूरी है क्योंकि ऐसी आदतें आगे चलकर बच्चों के जीवन पर बुरा असर डालती है। यह चिंता का विषय है कि आज दुनियाभर में 10 प्रतिशत बच्चे ओवरवेट हैं। हमारे यहां भी ये आंकड़े तेजी से बढ़ रहे हैं।

# बजट में सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने का कारोबार पर पड़ेगा असर, डब्ल्यूजीसी ने रिपोर्ट में जताई आशंका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले जुलाई में सोने पर आयात शुल्क कम करने के सरकार के फैसले का उद्योग पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और आगामी बजट में टैरिफ में किसी भी तरह की वृद्धि कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने यह आशंक जताई है।

2025-26 के बजट से पहले कीमती धातु पर आयात शुल्क न बढ़ाने का अनुरोध करते हुए डब्ल्यूजीसी के भारत के क्षेत्रीय सीईओ सचिन जैन ने कहा, आगामी बजट में आयात शुल्क में किसी भी वृद्धि का प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे तस्करी में वृद्धि, घरेलू सोने की कीमतों में वृद्धि और उद्योग को पीछे धकेलने की आशंका है।

एक बजट पूर्व नोट में जैन ने कहा, यह जरूरी है कि सरकारी निकायों, उद्योग जगत के लोगों और वित्तीय संस्थानों सहित सभी हितधारक बाजार की सकारात्मक गति को बनाए रखने के लिए सहयोग करें। एक तालमेलपूर्ण



भरे वातावरण को बढ़ावा देकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि स्वर्ण उद्योग फलता-फूलता रहे, नवाचार करता रहे और भारत के आर्थिक विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे।

जैन ने कहा कि वे पिछले दशक की तरह, बजट में प्रगतिशील, लोगों के अनुकूल और उद्योग को मदद पहुंचाने वाली घोषणाओं की उम्मीद कर रहे हैं। सोने का उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पाद में अनुमानित रूप से 1.3 प्रतिशत का योगदान देता है और लगभग 20 से 30 लाख लोगों को रोजगार देता है। जुलाई में पेश किए गए बजट 2024 में सोने पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया गया था। डब्ल्यूजीसी का दावा है कि सीमा शुल्क में कटौती से अनौपचारिक आयात को कम करने, आधिकारिक चैनलों को स्थिर करने और सोने की घरेलू खरीद को प्रोत्साहित करने में मदद मिली है। सोने पर करों में कमी से एक अधिक संगठित और पारदर्शी उद्योग को बढ़ावा मिला है, जिससे बाजार मजबूत हुआ है।

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और तय कार्यक्रम के अनुसार 4 अप्रैल को समाप्त होगा। केंद्रीय बजट 2025, 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। उससे पहले, 31 जनवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। सभी की निगाहें मोदी 3.0 कार्यकाल के शेष समय के लिए प्रमुख घोषणाओं और दूरगामी आर्थिक योजनाओं पर होगी। यह बजट कमजोर जीडीपी आंकड़ों और अर्थव्यवस्था में खपत में नरमी के बीच पेश किया जा रहा है।

## शादियों के सीजन के बीच सोने-चांदी की कीमतों में राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शादियों के सीजन के बीच आज सोने की कीमतों में गिरावट है। दोपहर 12 बजे जारी आईबीजेए के रेट के मुताबिक 24 कैरेट सोना 300 रुपये सस्ता होकर 80048 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 1255 रुपये सस्ती होकर 89856 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली। यह रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो।

### दिल्ली, लखनऊ, जयपुर, चंडीगढ़, अमृतसर में सोने के रेट

वहीं अगर दिल्ली में आज सोने के भाव की बात करें तो लाइव मिंट के मुताबिक यहां 10 ग्राम सोना 82583 रुपये प्रति 10 ग्राम में बिक रहा है। कल सोने की कीमत 82603 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। जबकि, जयपुर में आज सोने का भाव 82576 रुपये प्रति 10 ग्राम है और कल 82596 रुपये था। लखनऊ में आज सोने का भाव 82599 रुपये प्रति 10 ग्राम है। कल सोने की कीमत 82619 और पिछले हफ्ते 81429 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। दूसरी ओर चंडीगढ़ में आज सोने का भाव 82592 रुपये प्रति 10 ग्राम है। कल सोने की कीमत 82612 रुपये थी और पिछले सप्ताह 81422 रुपये। अमृतसर में आज सोने का भाव 82610.0 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

**भारत में चांदी के रेट-** दिल्ली में आज चांदी की दरें 100500 रुपये प्रति किलोग्राम हैं। कल चांदी की कीमत 100700 और पिछले सप्ताह 99500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। जयपुर में आज चांदी की दरें 100900 रुपये प्रति किलोग्राम हैं। कल 101100 और पिछले सप्ताह चांदी की कीमत 99900 रुपये प्रति किलोग्राम थी। लखनऊ में आज चांदी का रेट 101400 रुपये प्रति किलोग्राम है। कल 101600 और पिछले सप्ताह 100400 रुपये था। चंडीगढ़ में आज चांदी की दरें 99900, कल 100100 और पिछले 98900 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

## कोल्डप्ले का जादू इंडिगो की एक फ्लाइट में भी दिखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हम मान कर चल रहे हैं कि आप म्यूजिक कॉन्सर्ट कोल्डप्ले से परिचित होंगे। बीते सप्ताह इसने अहमदाबाद में अपना अब तक का सबसे बड़ा कॉन्सर्ट किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इस प्रतिष्ठित ब्रिटिश बैंड की प्रस्तुति देखने के लिए हज़ारों लोग गुजरात आए। यह शो एक विजुअल और म्यूजिकल स्पेक्टेकल था, जिसमें प्रशंसक रंगीन प्रकाश के एक हुजूम के नीचे थिरकते हुए रातों को वास्तव में अविस्मरणीय बना रहे थे। लेकिन, जादू सिर्फ़ स्टेडियम में ही नहीं था - यह इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में जमीन से करीब 40 हजार फुट की ऊंचाई पर भी दिखा।

**आसमान में कंसर्ट-** इस समय सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब चल रहा है। इसमें इंडिगो के कप्तान प्रदीप कृष्णन को कोल्डप्ले के प्रशंसकों से भरी पुणे-अहमदाबाद की उड़ान में यात्रियों से बातचीत करते हुए दिखाया गया है। आप में से कितने लोग कोल्डप्ले के संगीत कार्यक्रम में जा रहे हैं आप में से कितनों के पास दो अतिरिक्त टिकट हैं उन्होंने मज़ाक में कहा, जिससे उत्साहित यात्री खुशी से झूम उठे और हंसने लगे।

## 160 रुपये के पार जा सकते हैं विशाल मेगा मार्ट के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विशाल मेगा मार्ट के शेयर सोमवार को बीएसई में गिरावट के साथ 100.85 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। विदेशी ब्रोकरेज हाउस मॉर्गन स्टैनली ने कंपनी के शेयरों का कवरेज शुरू किया है। मॉर्गन स्टैनली ने विशाल मेगा मार्ट के शेयरों को ओवरवेट रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि विशाल मेगा मार्ट के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल सकती है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 117.50 रुपये है। वहीं, विशाल मेगा मार्ट के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 96.71 रुपये है।




**161 रुपये तक चढ़ सकते हैं कंपनी के शेयर-** विदेशी ब्रोकरेज हाउस मॉर्गन स्टैनली ने विशाल मेगा मार्ट के शेयरों के लिए 161 रुपये का प्राइस टारगेट दिया है। करेंट लेवल से विशाल मेगा मार्ट के शेयरों में 60 पर्सेंट तक का उछाल देखने को मिल सकता है। मॉर्गन स्टैनली ने अपने एक नोट में लिखा है कि विशाल मेगा मार्ट की ग्रोथ स्ट्रैटेजी अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले कहीं ज्यादा डिफेंडेबल है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि फाइनेंशियल ईयर 2024-2029 में विशाल मेगा मार्ट का रेवेन्यू 20 पर्सेंट और प्रॉफिटैबिलिटी 27 पर्सेंट सीएजीआर के हिसाब से बढ़ सकती है।

विशाल मेगा मार्ट का आईपीओ दांव लगाने के लिए 11 दिसंबर 2024 को खुला था और यह 13 दिसंबर तक ओपन रहा। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 78 रुपये था। विशाल मेगा मार्ट के शेयर 18 दिसंबर 2024 को बीएसई में 110 रुपये पर लिस्ट हुए थे। विशाल मेगा मार्ट का आईपीओ टोटल 28.75 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 2.43 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 15.01 गुना दांव लगा।

# बजट 2025 से टैक्सपेयर्स की टॉप-10 उम्मीदें?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जैसे-जैसे केंद्रीय बजट 2025 की तारीख नजदीक आ रही है, आम आदमी के लिए इनकम टैक्स पॉलिसी में संभावित बदलावों के बारे में चर्चा बढ़ रही है। विशेषज्ञों ने व्यक्तिगत आयकर में महत्वपूर्ण बदलावों, ईवीएस और क्रिप्टो जैसे विशिष्ट टैक्स एरिया, हाउसिंग बेनीफिट्स, सेविंग इंसेंटिव और बहुत कुछ पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई सिफारिशें की हैं। इन प्रस्तावित सुधारों का उद्देश्य टैक्सपेयर्स को राहत प्रदान करना है।




### क्या है बजट 2025 से टैक्सपेयर्स की उम्मीदें

**1) इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव-** सरकार को व्यक्तिगत आयकर दरों को संभावित रूप से कम करके मिडिल क्लास टैक्सपेयर्स को राहत देने के लिए कर स्लैब को संशोधित करने पर विचार करना चाहिए। क्लीयरटैक्स में एक कर विशेषज्ञ शेफाली मुंद्रा ने कहा, 4 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी जरूरी है, जबकि कई टैक्सपेयर्स 10 लाख रुपये की सीमा की उम्मीद कर रहे हैं। इससे कुल डिस्पोजेबल आय बढ़ सकती है और खपत बढ़ सकती है।

**2) न्यू टैक्स रिजीम में होम लोन बेनीफिट्स-** विशेषज्ञों का सुझाव है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को न्यू टैक्स रिजीम के तहत लाभ की पेशकश करके घर के स्वामित्व को प्रोत्साहित करना चाहिए, भले ही वे पुरानी कर व्यवस्था के तहत कम हों।

**3) मकान मालिकों के लिए इंसेंटिव-** दीवान पीएन चोपड़ा ऐंड कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर ध्रुव चोपड़ा ने कहा, होमबॉयर्स को धारा 24 (बी) के तहत आवास ऋण पर उच्च ब्याज कटौती सीमा से लाभ हो सकता है। कम से कम एक घर के लिए चुकाए गए पूरे ब्याज पर कटौती की अनुमति दी जानी चाहिए या 2 लाख रुपये की मौजूदा सीमा को बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया जाना चाहिए।

**4) उच्च एनपीएस कटौती-** अभिषेक सोनी अतिरिक्त एनपीएस कटौती सीमा को 50,000 से बढ़ाकर 1,00,000 करने और निकासी को पूरी तरह से कर-मुक्त बनाने की सलाह देते हैं.

**5) टियर -2 शहरों के लिए एचआरए-** उच्च लागत वाले शहरी केंद्रों में रहने वाले टैक्सपेयर्स के लिए समान उपचार सुनिश्चित करने के लिए, सोनी ने हैदराबाद, पुणे और बेंगलुरु जैसे शहरों में 50 प्रतिशत एचआरए छूट का विस्तार करने की सिफारिश की है।

**6) धारा 80 डी के तहत कर कटौती-** बढ़ती स्वास्थ्य चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, शेफाली मुंद्रा ने सुझाव दिया कि धारा 80 डी के तहत कर कटौती सीमा को व्यक्तियों के लिए 50,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1,00,000 रुपये तक बढ़ा दिया जाना चाहिए, जो क्रमशः 25,000 रुपये और 50,000 रुपये है।

**7) पीएफ ब्याज पर टीडीएस स्थगित करें-** अभिषेक सोनी ने करदाताओं के कैश फ्लो में सुधार के लिए 2.5 लाख रुपये से अधिक के ब्याज पर कर कटौती को तब तक टालने की सिफारिश की है।

**8) कैपिटल गेन टैक्स-** बीडीओ इंडिया के टैक्स एक्सपर्ट निरंजन गोविंदेकर को लगता है कि इन्वेस्टमेंट प्रॉफिट पर टैक्स के संबंध में 2024 के बजट से कुछ बदलावों को फिर से देखने की जरूरत है। उनका सुझाव है कि इसी तरह के निवेश पर उसी तरह से टैक्स लगाया जाए, जैसे अंतरराष्ट्रीय और भारतीय शेयरों को बराबर माना जाए या विभिन्न प्रकार के सोने के निवेश पर लगातार कर लगाया जाए।

उनका यह भी कहना है कि क्योंकि स्टॉक प्रॉफिट पर टैक्स बढ़ गया है (शॉर्ट टर्म के लिए 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत और लॉन्ग टर्म के लिए 10 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत तक), स्टॉक खरीदते और बेचते समय चुकाए जाने वाले टैक्स को हटा दिया जाना चाहिए।

**9) सीनियर सिटिजन्स के लिए हायर बेसिक एक्जेम्प्शन लिमिट-** अभिषेक सोनी ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके वित्तीय दबावों को कम करने के लिए अधिक उदार छूट सीमा प्रदान करने की सिफारिश की है।

**10) धारा 80 सी सीमा को संशोधित करना-** यह 2014 से अपरिवर्तित रहा है, टैक्स सेविंग एफडी, पीपीएफ, आदि जैसे वित्तीय साधनों में निवेश को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण और बहुत आवश्यक है।

## 46 एक्सपर्ट बोले- खरीद लो आईसीआईसीआई का शेयर, 1600 रुपये तक का दिया है टारगेट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सोमवार को बीएसई में तेजी के साथ 1234.40 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स बैंक के शेयरों पर बुलिश हैं। आईसीआईसीआई बैंक का कवरेज करने वाले 51 एनालिस्ट्स में से 46 ने बैंक के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। वहीं, पांच एनालिस्ट्स ने आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों को होल्ड रेटिंग दी है। किसी भी एनालिस्ट ने बैंक के शेयरों को सेल रेटिंग नहीं दी है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है।

**बैंक के शेयरों को 1600 रुपये तक का टारगेट-** ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों पर आउटपरफॉर्म रेटिंग बनाए रखी है। ब्रोकरेज हाउस ने बैंक के शेयरों के लिए 1600 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने बैंक के शेयर खरीदने की सलाह दी है। जेफरीज ने भी आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों के लिए 1600 रुपये का टारगेट दिया है। जेपी मॉर्गन ने आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों को ओवरवेट रेटिंग दी है और इसके शेयरों के लिए 1500 रुपये का टारगेट दिया है। घरेलू ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने बैंक के शेयरों को बाय रेटिंग के साथ 1550 रुपये का टारगेट दिया है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज ने बाय रेटिंग के साथ आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों को 1420 रुपये का टारगेट दिया है।

## कंपनी का नेट प्रॉफिट 19 प्रतिशत बढ़ा, क्वार्टर रिजल्ट के बाद 9 प्रतिशत चढ़ा शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में एक तरफ जहां भारी गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, दूसरी तरफ डीसीबी बैंक के शेयरों की कीमतों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में आज करीब 9 प्रतिशत की तेजी देखी गई। इस तेजी के पीछे की वजह तीसरी तिमाही में कंपनी का शानदार प्रदर्शन रहा है।

बीएसई में आज कंपनी के शेयर बढ़त के साथ 115.70 रुपये के लेवल पर खुले थे। कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 8.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 123.55 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था।

**नेट प्रॉफिट में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी-** डीसीबी बैंक के नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर इस बार 19.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्टूबर से दिसंबर 2024 के दौरान डीसीबी बैंक का नेट प्रॉफिट 151.40 करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 126.60 करोड़ रुपये रहा था।

बैंक का नेट इंटरेस्ट इनकम 14.5 प्रतिशत बढ़ा है। दिसंबर तिमाही में यह 543 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में यह 474 करोड़ रुपये रहा था। ग्रॉस नॉन परफॉर्मिंग एसेट 3.11 प्रतिशत रहा है। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 3.29 प्रतिशत रहा।

### शेयर बाजार में कैसा रहा है प्रदर्शन

बीते 2 साल से कंपनी शेयर बाजार में संघर्ष कर रही है। इस दौरान स्टॉक का भाव 4.49 प्रतिशत टूटा है। वहीं, सेंसेक्स इसी पीरियड में 27 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने में सफल रहा है।

पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 12 प्रतिशत से अधिक टूटा है। जबकि सेंसेक्स भी एक साल में 7 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने में सफल रहा है। कंपनी का 52 वीक हाई 145.95 रुपये और 52 वीक लो लेवल 108.10 रुपये है।

# डबल हो गया अडानी की कंपनी का मुनाफा, 106 प्रतिशत बढ़ गया प्रॉफिट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी समूह की सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड ने सोमवार को दिसंबर में समाप्त वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। एसीसी लिमिटेड को दिसंबर तिमाही में नेट प्रॉफिट डबल हो गया है। अडानी समूह के स्वामित्व वाली एसीसी लिमिटेड ने 27 जनवरी को 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट में 106 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,089 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। इसने एक साल पहले की अवधि में 528 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। क्रमिक रूप से, नेट प्रॉफिट 446.8 प्रतिशत बढ़ा। बीएसई पर एसीसी के शेयर 0.44 प्रतिशत गिरकर 2,048.75 पर कारोबार कर रहे थे।



### रेवेन्यू भी बढ़ा

परिचालन से एसीसी का समेकित रेवेन्यू दिसंबर को समाप्त तिमाही के दौरान 5,20 7.29 करोड़ रहा। यह क्यू3एफवाय24 में 4,855.22 करोड़ था, जो साल-दर-साल 1.7 प्रतिशत की वृद्धि है। क्रमिक रूप से रेवेन्यू 7.25 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि दिसंबर में समाप्त तिमाही के लिए ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पहले की कमाई 1,116 करोड़ थी, जबकि क्यू3एफवाय24 में 905 करोड़ थी। मार्जिन क्यू3एफवाय24 में 18.4 प्रतिशत से बढ़कर 18.8 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### कंपनी ने क्या कहा

एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि हमारे ϙ3 के नतीजे हाई वॉल्यूम, लागत अनुकूलन और बढ़ी हुई दक्षता के माध्यम से विकास को आगे बढ़ाने पर हमारे रणनीतिक फोकस को प्रदर्शित करते हैं। हमारे प्रीमियम सीमेंट उत्पादों की मजबूत मांग और हमारे ईएसजी नेतृत्व के अनुरूप सभी मापदंडों पर उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ, हम अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने और स्टेकहोल्डर प्राइस को अधिकतम करने के लिए नवाचार और स्थिरता का लाभ उठा रहे हैं।

# माधबी पुरी बुच के बाद सेबी की कमान किसे: सरकार ने मांगे आवेदन, 28 फरवरी को पूरा हो रहा है कार्यकाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को आवेदन मांगे हैं। सेबी की मौजूदा चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच का तीन साल का कार्यकाल 28 फरवरी को पूरा हो रहा है। बुच ने दो मार्च 2022 को सेबी प्रमुख का पदभार संभाला था। वित्त मंत्रालय के अधीन आर्थिक मामलों के विभाग ने सार्वजनिक विज्ञापन में उम्मीदवारों से 17 फरवरी तक आवेदन देने को कहा है।

मंत्रालय के अनुसार, ''नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि या नियुक्त व्यक्ति की 65 वर्ष की आयु होने तक (जो भी पहले हो) के लिए की जाएगी।'' विज्ञापन में कहा गया है कि चेयरपर्सन को भारत सरकार के सचिव के बराबर वेतन मिलेगा, जो 5,62,500 रुपये प्रति माह (मकान व कार के बिना) है।






मंत्रालय ने कहा, एक नियामक के रूप में सेबी की भूमिका तथा महत्व को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार के पास ''उच्च निष्ठा, प्रतिष्ठा के साथ 50 वर्ष से अधिक का अनुभव तथा 25 वर्ष से अधिक का पेशेवर अनुभव होना चाहिए।''

इसमें कहा गया है कि उम्मीदवार के पास ''प्रतिभूति बाजार से संबंधित समस्याओं से निपटने की क्षमता होनी चाहिए या कानून, वित्त, अर्थशास्त्र, लेखाशास्त्र का विशेष ज्ञान या अनुभव होना चाहिए जो केंद्र सरकार की राय में बोर्ड के लिए उपयोगी होगा।''

विज्ञापन में कहा गया, चेयरपर्सन ऐसा व्यक्ति होना चाहिए, जिसका कोई ऐसा वित्तीय या अन्य हित न हो, जिससे उसके पद पर रहते हुए उसके कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका हो। इसमें कहा गया है कि सरकार वित्तीय क्षेत्र विनियामक नियुक्ति खोज समिति (एफएसआरएएससी) की सिफारिश पर सेबी प्रमुख की नियुक्ति करेगी। समिति योग्यता के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति की भी सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र है, जिसने पद के लिए आवेदन नहीं किया है।

एसए-20

## आरसीबी के पूर्व कप्तान फॉफ डुप्लेसिस ने कोहली को छोड़ा पीछे



एसए 20 साउथ अफ्रीका टी20 लीग 2025 के 22वें मुकाबले में जोबर्ग सुपर किंग्स ने फॉफ डुप्लेसिस की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को 9 विकेट से हरा दिया। हालांकि इस मैच में डुप्लेसिस का बल्ला नहीं चला और उन्होंने अपनी टीम के लिए 15 रन की पारी खेली, लेकिन इस मैच में खेलने के साथ ही उन्होंने विराट कोहली को इस मामले में पीछे छोड़ दिया।फॉफ डुप्लेसिस आईपीएल में आरसीबी के लिए कप्तानी कर चुके हैं और कोहली उनकी कप्तानी में खेल चुके हैं। आईपीएल 2025 के लिए डुप्लेसिस को आरसीबी ने रिलीज कर दिया था और फिर इस सीजन के लिए हुई नीलामी में उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने खरीद लिया था, यानी आईपीएल के इस सीजन में वो दिल्ली के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे। डुप्लेसिस फिलहाल साउथ अफ्रीका टी20 लीग में खेल रहे हैं और जोबर्ग सुपर किंग्स के कप्तान हैं।डुप्लेसिस ने सनराइजर्स के खिलाफ खेले मैच के बाद भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। सनराइजर्स के खिलाफ खेला गया मैच डुप्लेसिस के टी20 करियर का 400वां मैच था जबकि विराट कोहली ने अब तक 399 टी20 मैच ही खेले हैं। यानी टी20 क्रिकेट में अब डुप्लेसिस, कोहली से ज्यादा मैच खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

## वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 साल बाद जीता टेस्ट, वॉरिकन की शानदार गेंदबाजी



**मुल्तान, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने 34 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट मैच जीतने का इतिहास रच दिया और इसमें जमेल वॉरिकन ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लेकर अहम भूमिका अदा की। इसके साथ ही सोमवार को मुल्तान क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सीरीज के दूसरे और आखिरी मैच में वेस्टइंडीज ने 120 रन से जीत दर्ज की।पाकिस्तान ने तीसरे दिन 244 रनों का पीछा करते हुए 76/4 से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन वॉरिकन, सिंक्लेयर और गुडाकेश मोती की घातक गेंदबाजी के सामने 44 ओवरों में 133 रनों पर ढेर हो गई। यह जीत वेस्टइंडीज की पाकिस्तान में 1990 के बाद पहली टेस्ट जीत थी।वॉरिकन ने चौथी पारी में 5-27 के आंकड़े के साथ मैच खत्म किया और सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। उन्होंने पूरे मैच में 9-70 के शानदार आंकड़े हासिल किए और वेस्टइंडीज ने इस जीत से दो मैचों की सीरीज बराबर कर ली। तीसरे दिन वेस्टइंडीज की जीत की उम्मीदें तब मजबूत हुईं, जब साउद शकील सिंक्लेयर की घूमती गेंद पर पहली स्लिप में कैच दे बैठे। अगले ही ओवर में वॉरिकन ने काशिफ अली को आउट कर पाकिस्तान को बड़ी मुसीबत में डाल दिया। मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने थोड़ी देर तक टिककर 39 रनों की साझेदारी की, लेकिन वॉरिकन ने एक नीची रहती गेंद से सलमान को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। फिर उन्होंने रिजवान को बोल्ड किया, और मोती ने नोमान अली को मिड-ऑफ पर कैच आउट कराया। इसके बाद वॉरिकन ने वापस आकर साजिद खान को आउट किया और अपनी मशहूर थाई-फाइव सेलिब्रेशन की। उन्होंने इस सीरीज में कुल 19 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, क्योंकि उनकी गेंदबाजी ने वेस्टइंडीज को यादगार जीत दिलाई।

# आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर चुनी गई मंधाना

**दुबई, एजेंसी।** भारत की करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया। भारत की उप कप्तान मंधाना ने 2024 में 13 पारियों में 747 रन बनाए जो किसी कैलेंडर वर्ष में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने इस दौड़ में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (697 रन), इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट (554 रन) और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज (469 रन) को पीछे छोड़ा। उन्होंने इस दौरान वनडे में चार शतक जड़कर महिला क्रिकेट का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने इसके साथ सौ से अधिक बार गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाया। मंधाना ने 2024 में 95 चौके और छह छक्के जड़े।

इस 28 साल की बल्लेबाज ने 57.86 की शानदार औसत के अलावा 95.15 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से रन बनाये। उन्होंने बेहतर गेंदबाजी इकाई वाली टीमों के खिलाफ भी कई बड़ी पारियां खेली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जून 2024 में उन्होंने लगातार दो शतक लगाये। भारत ने इस श्रृंखला को 3-0 से जीता था। उन्होंने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी श्रृंखला के निर्णायक मैच में शतक लगाया था।

मंधाना ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में



भी शतक जड़ा था लेकिन उनकी शानदार पारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में एक छोर से विकेटों के पतन के बीच मंधाना ने 14 चौके और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाए थे।

# आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय क्रिकेटर चुने गए अजमतुल्लाह उमरजई

**दुबई, एजेंसी-** अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी अजमतुल्लाह उमरजई को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का 2024 का साल का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुना गया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और आक्रामक बल्लेबाज उमरजई ने 2024 में अफगानिस्तान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

24 साल के उमरजई ने 2023 के अपने शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाया और पिछले साल दुनिया के अग्रणी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में शामिल रहे। उमरजई ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह सबसे प्रभावशाली साबित हुए। वह रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज और एएम गजनफर के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। अफगानिस्तान ने 2024 में अपनी पांच में से चार एकदिवसीय श्रृंखलाएं जीतीं। उमरजई ने पिछले साल 14 मैच में 17 विकेट लेने के अलावा 417 रन बनाए। उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और जिंबाब्वे के खिलाफ लगातार चार श्रृंखला जीती। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर उमरजई ने पूरे साल बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन



किया। उन्होंने 52.12 की औसत से रन बनाए और 20.47 की औसत से विकेट लिए। उमरजई ने अपने साल के पहले ही एकदिवसीय मैच में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 149 रन की पारी खेली थी।

# राजकोट में टीम इंडिया का राजयोग फिर दिखेगा 752 दिन पुराना कमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी-20 की सीरीज का तीसरा मैच राजकोट में खेला जाना है. राजकोट, भारत के उन मैदानों में हैं, जहां पर टीम इंडिया का राजयोग है. मतलब ये कि वहां भारतीय टीम का टी-20 फॉर्मेट में रिकॉर्ड बेहतर है. टीम इंडिया ने 2020 के बाद राजकोट में एक भी टी-20 मुकाबला नहीं गंवाया है. और, अब उसी सिलसिले को वो इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में भी बरकरार रखना चाहेगा. राजकोट टी-20 इंग्लैंड के नजरिए से ज्यादा अहम मैच है. क्योंकि, यहां उसके हारने का मतलब होगा, सीरीज को गंवा देना. मगर अपनी हार को टालने के लिए उसे राजकोट में टीम इंडिया के राजयोग को खत्म करना होगा. मतलब उसे इस मैदान पर पहली हार का स्वाद चखाना होगा.

### राजकोट में पहली बार खेलेगी इंग्लैंड

लेकिन, जॉस बटलर की टीम के लिए क्या ऐसा कर पाना संभव होगा? इंग्लैंड ने तीसरे अ की अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है. और उन्हीं खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है, जो दूसरे अ में खेलते दिखे थे. चेन्नई में खेला दूसरा अ इंग्लैंड नहीं जीत सकी थी. और अब राजकोट में इंग्लैंड की टीम पहली बार खेलती दिखेगी, जिससे कि उनके यहां जीतने को लेकर और भी संशय पैदा होता है.

### राजकोट में टीम इंडिया का हैरतअंगेज रिकॉर्ड

इंग्लैंड के लिए जीत दूर की कौड़ी इसलिए भी दिख रही है क्योंकि टीम इंडिया का राजकोट में रिकॉर्ड बेहतर है. 2020 के बाद भारतीय टीम का राजकोट में 100 फीसद जीत का रिकॉर्ड है. उसने 2 मुकाबले खेले हैं और दोनों ही जीते हैं. वहीं



राजकोट में भारतीय टीम के ओवरऑल प्रदर्शन को भी देखें तो यहां खेले 5 टी-20 में उसने 4 जीते हैं. यानी सिर्फ एक मैच में ही उसे हार का सामना करना पड़ा है. इंग्लैंड के लिए, राजकोट में इस जबरदस्त आंकड़े के आगे राजकोट में अपनी जीत की डफली बजाना आसान नहीं होगा. खासकर तब जब वो सीरीज में 0-2 से पिछड़ रही हो और दबाव में हो.

### 752 दिन पहले राजकोट में क्या हुआ था?

वैसे इंग्लैंड के लिए राजकोट में टीम इंडिया की जीत के आंकड़े ही डराने वाले नहीं हैं. बल्कि उसके कप्तान सूर्यकुमार यादव का घातक प्रदर्शन भी जी का जंजाल बन सकता है. सूर्यकुमार यादव ने राजकोट में एकमात्र अमुकाबला श्रीलंका के खिलाफ 7 जनवरी 2023 को खेला था. 752 दिन पहले खेले उस मुकाबले में सूर्या ने अकेले ही श्रीलंका को मसलकर रख दिया था और भारत को 91 रन से मिली जीत के हीरो बने थे.

### सूर्यकुमार यादव ने खेली थी तूफानी पारी

सूर्यकुमार ने राजकोट में खेली अपनी इकलौती अ पारी में 9 छक्के और 7 चौके के साथ सिर्फ 51 गेंदों पर 112 रन बनाए थे. फिलहाल तो सूर्या आउट ऑफ फॉर्म हैं. लेकिन, क्या पता पुरानी यादों को संजोए सूर्यकुमार राजकोट में जब उतरें तो उनका दिन बन जाए और फिर वो वैसे ही रनों की झड़ी लगा दें. अगर ऐसा होता है तो फिर इंग्लैंड के लिए जीत दूर की कौड़ी ही है.



प्रीमियर लीगः

## मार्टिनेज की स्ट्राइक ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम पर 1-0 से जीत दिलाई

**लंदन, एजेंसी।** लिसांद्रो मार्टिनेज के डिफ्लेक्टेड शॉट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को फुलहम के खिलाफ 1-0 की जीत दिलाई। यह हार फुलहम के लिए 23 नवंबर के बाद अपनी घरेलू जमीन पर पहली हार थी।

अर्जेंटीना के खिलाड़ी मार्टिनेज ने खेल के 78वें मिनट में गोल किया। यह मैच वेस्ट लंदन में हुआ, जो काफी कड़ा मुकाबला था। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रेवेन कॉटेज में अपने पिछले आठ मैच जीते हैं, यह सिलसिला दिसंबर 2011 से जारी है। इस सीजन की तीसरी बाहर की जीत से यूनाइटेड अंक तालिका में 12वें स्थान पर पहुंच गया है। अब टीम का ध्यान व्यस्त जनवरी में यूईएफए यूरोपा लीग पर है। गुरुवार को यूनाइटेड की टीम रोमानिया में एफसीएसबी के खिलाफ खेलेगी। अगर यह मैच जीता तो यूनाइटेड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16 में जगह बना लेगा। मैच के पहले हाफ में यूनाइटेड ने केवल एक शॉट लगाया, जबकि फुलहम का प्रदर्शन बेहतर रहा। एलेक्स इवोबी ने सबसे ज्यादा प्रभाव छोड़ा और दो बार यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को परेशान किया। वहीं, राउल जिमेनेज के कुछ शॉट्स क्रॉसबार के ऊपर चले गए। दूसरे हाफ में भी खेल का पैटर्न लगभग वैसा ही रहा। हालांकि, कुछ यूनाइटेड फैंस को लगा कि ब्रूनो फर्नांडिस की 20 गज की दूरी से फ्री-किक गोल में चली गई, लेकिन गेंद साइड-नेटिंग में थी।

## मोहम्मद सिराज इस हसीना को कर रहे डेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज और अभिनेत्री-गायिका जानाई भोसले के बीच डेटिंग की खबरें चल रही हैं। जानाई प्रतिष्ठित गायिका आशा भोसले की पोती हैं। जानाई ने बीते दिनों मुंबई के बांद्रा में अपने 23वें जन्मदिन समारोह की तस्वीरें साझा की जिसमें वह सिराज के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं। दोनों के बीच केमिस्ट्री देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि उनमें बीच दोस्ती से अधिक कुछ और भी है। दोनों एक-दूसरे को गर्मजोशी भरी मुस्कान के साथ देख रहे हैं जिसे नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल दिखता है। उक्त पोस्ट में जानाई अपनी दादी आशा भोंसले, अभिनेता जैकी श्रॉफ और क्रिकेटर सिद्धेश लाड और श्रेयस अय्यर के साथ भी दिख रही हैं। अपनी दादी आशा भोंसले के साथ केक काटती जानाई। जानाई की उक्त पार्टी में श्रेयस अय्यर भी पहुंचे थे।पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होते ही क्रिकेअ फैंस के कमेंट्स की बहार आ गई। कुछेक प्रशंसकों ने तो हंसी मजाक में जानाई को भाभी (भाभी) तक करार दे दिया। एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में पूछा- क्या आप सिराज भाईजान से शादी करने जा रहे हैं? वहीं, दूसरे ने लिखा- डीएसपी साहब ऐसे हैं - यहां मैं पिघल गया।



# इयान चैपल ने आईसीसी को धोया

## बोले- यह क्रिकेट नहीं चलाती, इवेंट मैनेजमेंट कंपनी है

**नई दिल्ली, एजेंसी।**ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को एक ''इवेंट मैनेजमेंट कंपनी करार देते हुए कहा है कि आर्थिक रूप से मजबूत बोर्ड टेस्ट क्रिकेट के हितों को नुकसान पहुंचाते हुए अपने स्वार्थ के लिए कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। चैपल का यह भी मानना है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए एक व्यवहार्य दो-स्तरीय प्रणाली अब तक लागू कर देनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए अन्य महत्वपूर्ण कदम भी उठाए जाने चाहिए। चैपल ने कहा कि द्विस्तरीय टेस्ट प्रणाली के विषय पर, वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाजी चैंपियन माइकल होल्डिंग ने कहा, अपनी सभी गलतियों के बावजूद फीफा कम से कम फुटबॉल का संचालन तो करता है। आईसीसी को भी क्रिकेट का संचालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे एक जटिल समस्या जुड़ी है। आईसीसी क्रिकेट का संचालन नहीं करती है और जब तक कोई बड़ा हृदय परिवर्तन नहीं होता है तब तक आर्थिक रूप से संपन्न देश अपने स्वार्थ के लिए कार्यक्रम तैयार करते रहेंगे। चैपल हालांकि इस बात से सहमत हैं कि खेल के वित्तीय इंजन भारत का प्रभाव उनके योगदान के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि भारत क्रिकेट की आय में लगभग 70 प्रतिशत का योगदान देता है और आईसीसी में उसकी मजबूत उपस्थिति इस योगदान के अनुरूप है। यह एक जटिल मुद्दा है जिसका क्रिकेट को कोई व्यावहारिक समाधान नहीं मिला है। टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में विभाजित करने के प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है, जिससे भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी



बड़ी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के मौके मिलेंगे।ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन कप्तानों में से एक चैपल का मानना है कि कुछ मानदंडों के साथ टीमों के लिए शीर्ष श्रेणी में आने और निचली श्रेणी में खिसकने की प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली काफी पहले ही लागू हो जानी चाहिए थी क्योंकि कुछ टीमें ही पांच दिवसीय प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं।

# महिला एकल विजेता मैडिसन कीज विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल, फाइनल में सबालेंका को हराया

ऑस्ट्रेलियन ओपन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली मैडिसन कीज ने सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बना ली। वहीं, पुरुष वर्ग के विजेता यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी।

फाइनल में कीज ने सबालेंका को हराया

कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। कीज महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियातेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी।



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गई। पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद कार्लोस अलकाराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है। पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

### दो साल पुराने बॉयफ्रेंड संग लिए फेरे

# 'बिग बॉस 18' विनर करण की दूसरी पत्नी ने की शादी

'बिग बॉस 18' जीतने के बाद से अभिनेता करणवीर मेहरा सुर्खियों में बने हुए हैं। शो के दौरान उनकी निजी जिंदगी को लेकर भी सवाल उठे। अभिनेता की दो शादियां हुई हैं और दोनों ही पत्नियों से वह तलाक ले चुके हैं। करणवीर ने पहली शादी देविका मेहरा से हुई थी और दूसरी शादी निधि सेठ से। करण की दूसरी पत्नी निधि सेठ ने अपने दो साल पुराने बॉयफ्रेंड से बेंगलुरु में दोबारा शादी कर ली है।



### निधि ने शेयर की शादी की तस्वीरें

निधि ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की कई तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने लिखा, तुमने मुझे दिखाया है कि प्यार कोई संघर्ष नहीं बल्कि एक खूबसूरत साथ का सफर है। हमारी शादी में हमेशा हम की जगह मैं होता है। तुम्हारी अटूट वफादारी और केयर मुझे स्वतंत्र महसूस कराती है। मुझे विश्वास है कि हमारा बंधन हर दिन मजबूत होता जाएगा।

अभिनेत्री ने आगे कहा, पिछले दो वर्षों से तुमने यादों को खजाने में बदल दिया है और हर खुशी और चुनौती में मेरे साथ खड़े रहे हो। मैं तुम्हारे सहयोग, दयालुता और हमारे बीच के खूबसूरत रिश्ते के लिए आभारी हूं। मेरा सहारा बनने, मुझे हां कहने और मेरे जीवन को प्यार से भरने के लिए तुम्हारा शुक्रिया। मैं तुमसे प्यार करती हूं एसके।

शादी के दिन निधि ने खूबसूरत बनारसी साड़ी पहनी थी, जबकि दूल्हे ने नीले रंग का फ्लोरल कुर्ता पहन रखा था।

### ढाई साल ही चली पहली शादी

निधि की पहली शादी करणवीर मेहरा के साथ महज ढाई साल ही चल पाई थी। करण वीर मेहरा और निधि सेठ ने 2021 में शादी की थी।

हालांकि, अक्टूबर 2023 में, वह शादी के ढाई साल बाद अलग हो गए।

### करण ने निधि से शादी को बताया था जल्दबाजी का फैसला

'बिग बॉस 18' में करण ने खुलासा किया था कि निधि से शादी करना एक जल्दबाजी का फैसला था, क्योंकि वह कोविड लॉकडाउन में फंस गए थे और आगे के समय को लेकर अनिश्चित थे। अपने तलाक के बारे में उन्होंने कहा था, यह छोटी-छोटी बातों से शुरू होता है, फिर यह बढ़ता जाता है। मेल ईगो को ठेस पहुंचती है। इसे संभालना महत्वपूर्ण है, लेकिन हमारे पास उस स्तर की समझ नहीं थी।




# आर माधवन के साथ ऊटी में कंगना ने शुरू की तनु वेड्स मनु-3

कंगना रनौत और आर माधवन की साल 2011 में फिल्म आई थी तनु वेड्स मनु ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया था। इसके बाद फिल्म का पार्ट 2 आया और इसने भी दर्शकों को खूब प्यार बटोरा। वहीं अब तीसरी बार ये जोड़ी लोगों के दिलों पर छाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जीं हां दोनों स्टार्स ने तनु वेड्स मनु 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। इसकी झलक खुद कंगना ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दिखाई।

दरअसल कंगना रनौत ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक फोटो शेयर की हैं। जिसमें वो तनु वेड्स मनु 3 की टीम के साथ नजर आ रही हैं। इस फोटो में कंगना के सामने एक्टर आर माधवन भी बैठे हुए हैं। दोनों शायद किसी सीन की रिहर्सल कर रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, 'मेरी फेवरेट टीम के साथ वापस लौटकर खुशी हो रही है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने माधवन को टैग भी किया। कंगना की शेयर की गई इस तस्वीर में वो और माधवन एक अपनी टीम के साथ कैफे में बैठे हुए हैं। कंगना ने ब्लू और व्हाइट कलर का प्रिंटेड सूट पहना है। वहीं माधवन मरून कलर की जैकेट पहने हुए कंगना के सामने की तरफ बैठे हैं। दोनों की ये तस्वीर देख फैंस फिल्म को लेकर और भी ज्यादा एक्साइटिड हो गए हैं। बता दें कि कंगना रनौत हालिया रिलीज फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आई हैं। फिल्म में उनके साथ अनुपम खेर जैसे दिग्गज एक्टर भी अहम किरदार में हैं। वहीं इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है।

# कपिल शर्मा ने शुरू की किस किसको प्यार करूं के सीक्वल की शूटिंग

अभिनेता-कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपनी आगामी कॉमेडी फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। वह हाल ही में अपने नेटफ्लिक्स शो, द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दूसरे सीज़न में व्यस्त थे, जो पिछले साल दिसंबर में समाप्त हुआ था। इस बीच, किस किसको प्यार करूं 2 इसी नाम की 2015 की हिट फिल्म का



सीक्वल है, जिससे शर्मा ने हिंदी फिल्म उद्योग में अपनी शुरुआत की थी। कपिल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरीज सेक्शन में अपने प्रशंसकों को बतौर लीड अपनी तीसरी चौथी फिल्म की खबर बताई। अपने पोस्ट में कपिल ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की घोषणा करते हुए एक खबर शेयर की, जिसमें वह अपनी आने वाली फिल्म के सह-कलाकार मनजोत सिंह के साथ नजर आ रहे हैं।

किस किस को प्यार करूं 2 का निर्देशन अनुकल्प गोस्वामी कर रहे हैं और इसका निर्माण रतन जैन और गणेश जैन द्वारा वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट के तहत अब्बास मस्तान फिल्म प्रोडक्शन के सहयोग से किया जा रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह फिल्म, जिसमें मनजोत सिंह भी हैं, दर्शकों को हँसी और अराजकता की एक और खुराक देगी। अपने लोकप्रिय टीवी शो के अलावा, कपिल क्रू में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देखे गए, जिसमें तब्बू, कृति सनोन और करीना कपूर खान भी थीं। यह फिल्म व्यावसायिक रूप से बहुत सफल रही।

इस बीच, कपिल हाल ही में तब चर्चा में आए जब उन्हें कथित तौर पर एक ईमेल के ज़रिए जान से मारने की धमकी मिली। राजपाल यादव के ईमेल अकाउंट पर विष्णु नाम के एक व्यक्ति ने एक संदेश भेजा, जिसमें कथित तौर पर चेतावनी दी गई थी कि कपिल, उनके परिवार, उनके सहयोगियों और राजपाल यादव को मार दिया जाएगा।



# प्रियंका चोपड़ा की पर्पल पेबल पिक्चर्स को तीसरा ऑस्कर नामांकन मिला

**ग्लोबल** आइकॉन प्रियंका चोपड़ा की प्रोडक्शन कंपनी, पर्पल पेबल पिक्चर्स ने अपना तीसरा ऑस्कर नामांकन हासिल कर लिया है, जिससे हॉलीवुड में प्रमुख निर्माता के रूप में प्रियंका की स्थिति मजबूत हो गई है। यह नवीनतम नामांकन विविध कहानी कहने और उभरती प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए प्रियंका की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। एक कार्यकारी निर्माता के रूप में प्रियंका के पिछले ऑस्कर नामांकन में द व्हाइट टाइगर और टू किल ए टाइगर शामिल हैं, दोनों ने अपनी विचारोत्तेजक कहानियों और असाधारण फिल्म निर्माण के लिए आलोचकों की प्रशंसा हासिल की। अब अनुजा के शामिल होने के साथ, प्रियंका ने मनोरंजन उद्योग में बाधाओं को तोड़ना और सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखा है। यह उपलब्धि प्रियंका चोपड़ा जोनास के अपनी कला के प्रति अटूट समर्पण और कम प्रतिनिधित्व वाली आवाज़ों को सशक्त बनाने के उनके जुनून का प्रमाण है। सुचित्रा मट्टई, मिंडी कलिंग और गुनीत मोंगा कपूर द्वारा निर्मित एडम जे ग्रेव्स की शक्तिशाली शॉर्ट फिल्म अनुजा, जिसके कार्यकारी निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनास हैं।

इस शॉर्ट फिल्म ने अकादमी पुरस्कार नामांकन अर्जित किया है। यह उपलब्धि न केवल टीम की कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता का प्रतिबिंब है, बल्कि विश्व स्तर पर प्रेरित करने वाली सार्थक, प्रभावशाली सामग्री बनाने के लिए प्रियंका की निरंतर प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।



# पृथ्वीराज सुकुमारन की चाहत रह गई अधूरी

पृथ्वीराज सुकुमारन अभिनेता होने के साथ निर्देशक भी हैं। हाल ही में हुए एक इवेंट के दौरान उन्होंने एक ऐसे दिग्गज अभिनेता को लेकर कहा कि वह आज तक उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट नहीं कर पाए, जिसका उन्हें बेहद अफसोस है।

अभिनेता और निर्देशक पृथ्वीराज सुकुमारन आगामी फिल्म एल2ः एम्पुरान की रिलीज के लिए तैयार हैं। मोहनलाल की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म का ट्रेलर कल एक कार्यक्रम में लॉन्च किया गया, जिसने प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसी बीच इस इवेंट के दौरान पृथ्वीराज ने साउथ के एक दिग्गज अभिनेता को अपनी फिल्म में आज तक निर्देशित ना करने का अफसोस भी जताया। आइए जानते हैं कौन हैं वह सुपरस्टार, जिसे अपनी फिल्म में कास्ट करना चाहते हैं पृथ्वीराज सुकुमारन

हाल ही में हुए इस इवेंट के दौरान, पृथ्वीराज ने एक दिलचस्प खुलासा किया, जिसने कई लोगों को चौंका दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि लाइका प्रोडक्शंस ने एक बार सुपरस्टार रजनीकांत को निर्देशित करने के लिए उनसे संपर्क किया था। उन्होंने इस अवसर को अपने जैसे युवा निर्देशक के लिए एक सपने के सच होने जैसा बताया। हालांकि, यह प्रोजेक्ट योजना के अनुसार शुरू नहीं हो सका। प्रोडक्शन हाउस के दिमाग में एक खास समय सीमा थी और पृथ्वीराज ने स्वीकार किया कि वह दिए गए समय सीमा के अंदर सुपरस्टार रजीनांक के लिए एक बेहतरीन कहानी नहीं बना सके, जिस वजह से वह उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट नहीं कर सके।

# ब्रिटिश सिंगर क्रिस मार्टिन ने गाया 'वंदे मातरम', कोल्डप्ले में जीता भारतीयों का दिल

कोल्डप्ले के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने रविवार को अपने अहमदाबाद कॉन्सर्ट के दौरान भारतीयों का दिल जीत लिया। उन्होंने अपने प्रदर्शन के दौरान वंदे मातरम और मां तुझे सलाम गाकर 76वें गणतंत्र दिवस के पर शुभकामनाएं दी। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा कॉन्सर्ट गूंज उठा।



### भारत माता को सलाम बोलकर कॉन्सर्ट को किया खत्म

क्रिस मार्टिन ने कॉन्सर्ट का समापन भारत माता को सलाम के साथ किया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने कॉन्सर्ट के दौरान एक और खास पल में क्रिस ने भारतीय क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह को एक खूबसूरत गाना डेडिकेट किया। मार्टिन ने मजाकिया अंदाज में स्वीकार किया कि उन्हें यह पसंद नहीं आया कि जसप्रीत बुमराह अपनी तेज गेंदबाजी से इंग्लिश बैटिंग लाइनअप को खत्म कर दें। उन्होंने कहा, ओ जसप्रीत बुमराह, मेरे प्यारे भाई। क्रिकेट के सबसे बेहतरीन गेंदबाज। हमें आपको विकेट पर इंग्लैंड को खत्म करते हुए देखने में मजा नहीं आया।

# मुझे उनकी बहुत याद आ रही, जसपिंदर नरूला ने माता-पिता को समर्पित किया पद्म श्री


**मशहूर** गायिका जसपिंदर नरूला को हाल ही में भारत सरकार की ओर से पद्म श्री सम्मानित करने का एलान किया गया। इस पुरस्कार को लेकर उन्होंने कहा कि यह सब उनके माता-पिता की आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने इस सम्मान को अपने माता-पिता को समर्पित किया है। बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं यह पुरस्कार अपने माता-पिता को समर्पित करती हूं, जो मेरे पहले गुरु रहे। इस क्षण में मैं उन्हें बहुत याद कर रही हूं। जसपिंदर नरूला ने हिंदी और पंजाबी सिनेमा में अपने योगदान काफी ज्यादा लोकप्रियता हासिल की है। उनका करियर लगभग 50 साल लंबा है। उन्होंने अपनी गायन कला से लाखों दिलों को छुआ है। 1998 में आई फिल्म प्यार तो होना ही था टाइटल सॉन्ग उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। इस गाने को उन्होंने रेमो फर्नांडीज के साथ मिलकर गाया था। लोगों की जुबां पर यह गाना आज भी चढ़ा हुआ है। इस गीत से उन्हें पहचान मिली और बाद में 1999 में उन्हें बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर के रूप में फिल्मफेयर अवार्ड भी प्राप्त हुआ।



# सान्या मल्होत्रा मिसेज के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार

### 7 फरवरी से होगी स्ट्रीमिंग

**सान्या** मल्होत्रा अपनी आगामी फिल्म मिसेज में अपनी शानदार भूमिका से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो 7 फरवरी, 2025 को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। फिल्म मिसेज में अपनी रचनात्मक ऊर्जा और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाने वाली, सान्या एक युवा महिला ऋचा का किरदार निभा रही हैं, जो डांसर बनने के अपने सपनों को पारंपरिक घरेलू कर्तव्यों के भार को नियंत्रित करते हुए जीवित रखने का प्रयास करती है। यह फिल्म महिलाओं के रोजमर्रा के संघर्षों, विशेष रूप से सामाजिक अपेक्षाओं के दबाव और लैंगिक असमानता पर प्रकाश डालती है। सान्या द्वारा ऋचा का किरदार निभाना उनकी अभिनय क्षमता का सच्चा प्रमाण है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरे किरदार की यात्रा शांत गहन है, क्योंकि वह बर्तन मांजने से लेकर फिर से बड़े सपने देखने तक जाती है। किसी ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाना एक पुरस्कृत चुनौती है जो रोजमर्रा के दिनचर्या से मुक्त होने और अपनी आवाज खोजने की हिम्मत करता है। हमेशा की तरह, सान्या ने अपनी भूमिका में गर्मजोशी, आकर्षण और गहरी भावनात्मक ताकत का बेहतरीन मिश्रण डाला है। इसके अलावा उनकी आगामी प्रोजेक्ट देखते हुए, सान्या धर्मा प्रोडक्शंस की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में अभिनय करने के लिए तैयार हैं। साथ ही अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ उनका आगामी सहयोग भी बहुप्रतीक्षित है।



-साभार एजेंसी